शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 183 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 29 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कैमरे के सामने एचडी कुमारस्वामी की नाक से अचानक बहने लगा खून, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरू**

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी का स्वास्थ्य उस वक्त खराब हो गया, जब वह बेंगलुरु में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। समाचार एजेंसी एएनआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मीडिया से बातचीत करने के दौरान अचानक एचडी कुमारस्वामी की नाक से खून बहने लगा। इसके बाद उन्हें तत्काल हॉस्पिटल लेकर जाया गया। एएनआई की ओर से जारी घटना के वीडियो में उनके नाक और शर्ट पर खून के निशान देखे जा सकते हैं। फिलहाल उनके स्वास्थ्य को लेकर अधिक जानकारी का इंतजार है।

## जयशंकर ने टोक्यो में महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर वर्तमान में भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान चार हिन्द प्रशांत देशों के समूह क्वाड की बैठक में शामिल होने के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं। आज उन्होंने यहां अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर तस्वीरों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उनकी और विदेश मंत्री ब्लिंकन की व्यापक चर्चा हुई। वे कल क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने को लेकर उत्सुक हैं। इससे पहले उन्होंने जापान में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। एडोगावा में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है। यहां उपस्थित भारतीय समुदाय और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी को हम राष्ट्रपिता के तौर पर देखते हैं, लेकिन दुनिया के लिए वे एक ग्लोबल आइकन हैं। उन्होंने कहा कि बापू की उपलब्धियाँ आज भी हमें प्रेरित करती हैं और उनका शांति और अहिंसा का संदेश कालातीत है। उनके सिद्धांत आज और भी अधिक प्रासंगिक हैं जब दुनिया में इतना संघर्ष, तनाव और ध्रुवीकरण देखा जा रहा है।

# ओलंपिक: मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज जीता

## पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई

### ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं मनु भाकर

**पेरिस**

पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक तालिका में भारत का खाता खुल गया है। भारत की स्टार शूटर मनु भाकर ने इतिहास रचते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। 22 साल की निशानेबाज ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 221.7 का स्कोर हासिल किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

**जीतने के बाद मनु भाकर की पहली प्रतिक्रिया, भगवान को दिया धन्यवाद, कहा- भारत और पदक जीतेगा**

भारत की निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इसी के साथ उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदकों का खाता भी खोल दिया। भाकर ने जीतने के बाद भगवान को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भारत और पदक जीतेगा। भाकर ने अपने इस प्रदर्शन के साथ टोक्यो ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ दिया। भारत ने लंदन ओलंपिक 2012 में निशानेबाजी में कोई पदक नहीं जीता था। अब भाकर ने इस सूखे को खत्म कर दिया है।

**निशानेबाज** मनु भाकर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "आखिरी शॉट में, मैं अपनी पूरी ताकत से लड़ रही थी। शायद मैं अगले (इवेंट) में बेहतर प्रदर्शन कर पाऊं। मैं वही कर रही था जो मुझे करना चाहिए था। टोक्यो के बाद, मैं बहुत निराश थी। मुझे इससे उबरने में बहुत समय लगा।"

**कोच और प्रशंसकों को दिया धन्यवाद**

इसके अलावा उन्होंने अपने कोच और प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "हमने कड़ी मेहनत की है। हमें बाकी सब भाग्य और भगवान पर छोड़ देना चाहिए।

हम जितना कर सकते हैं, करेंगे। मेरे साथ खड़े रहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद (सभी दोस्तों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का)। उन्हीं की बदौलत मैं यहां मजबूती से खड़ी हूं।



### टोक्यो ओलंपिक में मनु ने दमदार प्रदर्शन किया था

**अंतरराष्ट्रीय** क्षेत्र के अलावा उन्होंने घरेलू मोर्चे पर भी दमदार प्रदर्शन किया। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, वह पदक से चूक गईं थीं। भारतीय खेलों में उनके योगदान के लिए मनु को भारत सरकार की तरफ से प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था। मनु 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 70 से अधिक राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। मनु ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया था कि उनके माता-पिता ने हमेशा उनका समर्थन किया।

### मनु भाकर का नौवीं तक था डॉक्टर बनने का सपना

**मनु** के पिता राम किशन भाकर ने उनका हमेशा साथ दिया। पिता ने मनु को पूरा समर्थन दिया। जिस खेल में उन्हें आगे बढ़ने का मन था उसी में बढ़ने दिया। बहुत से विद्यार्थियों की तरह मनु भी नौवीं कक्षा तक डॉक्टर बनना चाहती थीं। वह खेल में शुरू से अच्छी रही लेकिन पढ़ाई पर मुख्य ध्यान रहा। 10वीं में मनु के जीवन का अलग



मोड़ आया, जब कक्षा में टॉप करने के साथ उनका चयन शूटिंग के लिए राष्ट्रीय टीम में हुआ। उनके कोच अनिल जाखड़ के कहने पर मनु ने शूटिंग को एक मौका दिया और 11वीं में जब वह 16 साल की थी तब आईएसएसएफ विश्व कप, राष्ट्रमंडल खेल और यूथ ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतकर अपना नाम बनाया।

### कौन हैं मनु भाकर




**निशानेबाज** मनु भाकर का जन्म हरियाणा के झज्जर में 18 फरवरी, 2002 को हुआ था और वह निशानेबाजी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे होनहार युवा एथलीटों में से एक हैं। छोटी उम्र से ही मनु को खेलों में रुचि थी। शूटिंग से पहले उन्होंने मुक्केबाजी, टेनिस और स्केटिंग जैसे खेलों में भी अपना हाथ आजमाया था।

**2017 में किया था अंतरराष्ट्रीय डेब्यू**

मनु ने पहला स्वर्ण पदक 16 साल की उम्र में जीता था। उन्होंने ग्वाडलजारा में 2018 आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीत हासिल की थी।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में साल 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद अभिषेक वर्मा के साथ उन्होंने 2018 में जकार्ता में खेले गए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। चीन के हांगझोऊ में हुए 19वें एशियन गेम्स 2023 में 25 मीटर रैपिड पिस्टल में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था।

## कॉमन सेंस का इस्तेमाल करें जज: मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़

**बेंगलुरु**

जमानत मामलों पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने जजों को बड़ा संदेश दिया है। सीजेआई ने कहा कि जब अपराध के महत्वपूर्ण मुद्दों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो ट्रायल जज जमानत न देकर सेफ खेलना पसंद करते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने प्रत्येक मामले की बारीकियों को देखने के लिए 'मजबूत कॉमन सेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआई ने कहा कि जिन लोगों को ट्रायल कोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए और उन्हें वहां नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है।




**मनमाने ढंग से गिरफ्तार लोग होते हैं परेशान**

डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि जिन लोगों को उच्च न्यायालयों में जमानत मिलनी चाहिए, उन्हें जरूरी नहीं कि वह मिले, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ता है। यह देरी उन लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है, जिन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया जा रहा है। सीजेआई बर्कले सेंटर के तुलनात्मक समानता और भेदभाव विरोधी 11वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान बोल रहे थे। भाषण के बाद उनसे कुछ प्रश्न किए गए, जिसमें एक प्रश्न मनमाने ढंग से की जाने वाली गिरफ्तारियों पर था। ये भी पूछा गया कि क्या हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां व्यक्ति पहले कार्य करता है और बाद में क्षमा मांगता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसके जवाब में कहा, सर्वोच्च न्यायालय लगातार यह बताने की कोशिश कर रहा है कि इसका एक कारण यह भी है कि देश के भीतर संस्थानों में अंतर्निहित अविश्वास है।

## केंद्रीय बजट 2024-25 में हर राज्य का रखा गया है ध्यान: वित्त मंत्री सीतारमण

**बेंगलुरु/नई दिल्ली,**

केंद्रीय ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 में हर राज्य का ध्यान रखा गया है जबकि कुछ राज्यों की अनदेखी करने की गलत सूचना फैलाई जा रही है। उन्होंने बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने केंद्रीय बजट आवंटन संबंधी गलत सूचनाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी राज्य की अनदेखी नहीं की गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि हमने केंद्रीय बजट 2024-25 में बहुत स्पष्ट रूप से युवाओं, एमएसएमई, कृषि अनुसंधान और विकास तथा कई अन्य श्रेणियों पर जोर दिया है। केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए वित्त मंत्री ने बजट में कर्नाटक के लिए राजस्व हिस्सेदारी और आवंटन को स्पष्ट किया।



उन्होंने बताया कि कर्नाटक में सरकार सहित कई लोगों के बीच यह गलत सूचना है कि केंद्र सरकार अपना बकाया नहीं देती है। सीतारमण ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार गलत प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-2014 के दौरान यूपीए सरकार के दौरान कर्नाटक को दिया गया कर का हिस्सा 81.71 करोड़ रुपये था, जबकि एनडीए सरकार के तहत ये राशि 2,95,818 करोड़ रुपये है। वहीं, यूपीए सरकार के पिछले 10 साल के शासन में अनुदान सहायता की राशि 60,779 करोड़ रुपये थी। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन काल में यह 2,36,955 करोड़ रुपये है। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु में भाजपा के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों से बातचीत की। इसके अलावा सीतारमण ने यहां उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी कई मुद्दों पर बातचीत की।

## पहले देश, उसके बाद आता है धर्म: केरल हाईकोर्ट




### कानून सभी पर एक समान रूप से लागू होता है फिर चाहे वह हिन्दू हो या मुस्लिम ईसाई पारसी या अन्य किसी धर्म का: केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि**

केरल हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 इस देश के प्रत्येक नागरिक पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, क्योंकि प्रत्येक भारतीय पहले एक नागरिक है और फिर किसी धर्म का सदस्य बनता है। न्यायमूर्ति पी वी कुन्हिकृष्णन ने बाल विवाह के खिलाफ पलक्कड़ में 2012 में दर्ज एक मामले को रद्द करने की याचिका पर हालिया आदेश में कहा कि चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म का हो, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी आदि हो, यह अधिनियम सभी पर लागू होता है।

**नाबालिग लड़की के पिता ने दी दलील**

याचिकाकताओं, जिनमें तत्कालीन नाबालिग लड़की के पिता भी शामिल थे, ने अदालत के समक्ष दलील दी कि एक मुस्लिम होने के नाते उसे प्यूबर्टी प्राप्त करने के बाद, यानी 15 वर्ष की आयु में शादी करने का धार्मिक अधिकार प्राप्त है। अदालत ने अपने 15 जुलाई के आदेश में कहा, 'एक व्यक्ति को पहले भारत का नागरिक होना चाहिए और उसके बाद केवल उसका धर्म आता है। धर्म गौण है और नागरिकता पहले आनी चाहिए।

## आईएएस कोचिंग हादसा: आम नागरिक अपना जीवन गंवाकर कीमत चुका रहे: राहुल गांधी

**नई दिल्ली**

दिल्ली में यूपीएससी के तीन छात्रों की मौत पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी ने कहा कि आम लोग हर स्तर पर असुरक्षित निर्माण और संस्थानों की गैरजिम्मेदारी की कीमत चुका रहे हैं। दरअसल, दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर इलाके में एक राव स्टडी सर्किल (आइएएस कोचिंग सेंटर) की इमारत के बेसमेंट में शनिवार को भारी बारिश के बाद पानी भर गया था जिससे सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई। तीन छात्रों की मौत पर राहुल गांधी ने कहा,



'दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का ये कोलैप्स सिस्टम की संयुक्त असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर टाऊन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थाओं की गैरजवाबदेही की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवा कर चुका रहा है।

## सिसोदिया को जमानत मिलेगी या नहीं आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को आबकारी नीति और भ्रष्टाचार के मामले में आप नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 29 जुलाई को मामले में सुनवाई फिर से शुरू करेगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर सीबीआई और ईडी को सिसोदिया की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई को कहा था, 'नोटिस का जवाब 29 जुलाई तक दें। हम दो सप्ताह बाद इस पर फिर विचार करेंगे।' सिसोदिया के वकील ने तर्क दिया कि वरिष्ठ आप नेता 16 महीने से जेल में हैं और केस आगे नहीं बढ़ रहा है। अक्टूबर 2023 से जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है।


# दिल्ली की आईएएस कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

### मालिक-कोऑर्डिनेटर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में; बेसमेंट में 3 मिनट में 12 फीट पानी भरा था

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में शनिवार शाम हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। इसमें डूबने से 3 स्टूडेंट की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। शनिवार रात बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरूआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा।

**3 स्टूडेंट की डूबने से मौत**



**श्रेया यादव,**
उम्र- 25 साल

उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर की रहने वाली थीं।

जुलाई 2024 में ही राउ कोचिंग सेंटर जॉइन किया था।



**नेविन डाल्विन,**
उम्र- 28 साल

वे केरल का रहने वाले थे। 8 महीने से IAS की तैयारी कर रहे थे।

दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से PHD भी कर रहे थे।



**तान्या सोनी,**
उम्र- 25 साल

तेलंगाना के सिकंदराबाद की रहने वाली थीं।

दिल्ली के अग्रसेन कॉलेज की स्टूडेंट थीं। पिछले साल से कोचिंग ले रही थीं।



चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी। पुलिस ने कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर दिल्ली कोर्ट में पेशी किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

**सड़क पर जलभराव के कारण बेसमेंट से पानी निकालने में देरी हुई**

फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरूआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ।

# बस और आटो की टक्कर में 4 लोगों की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत थानापुर गांव के करीब 15 लोग शीतला सप्तमी को शनिवार शाम में एक मालवाहक आटो से कड़े शीतला धाम दर्शन पूजन करने गए थे वहां से वापसी में मां विंध्यवासिनी मंदिर विंध्याचल, मिजार्पुर जा रहे थे, रविवार भोर में विंध्याचल थाने के खम्हरिया दमुआन गांव के सामने पहुंचे थे कि मिजार्पुर की ओर से प्रयागराज जा रही टूरिस्ट बस ने मालवाहक ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दिया हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए घायलों में एक बच्चे की हालत गंभीर थी दोपहर में उसकी भी मौत हो गई पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घायलों को सरोंई स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, यहां से सभी को मिजार्पुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।। घटना में चालक कल्लू चौहान पुत्र स्व श्रीनाथ उम्र 60 वर्ष, फोटो देवी पत्नी राधेश्याम 52 वर्ष, रेशमा पत्नी मुलायम 28 वर्ष की मौके पर मौत हो गई एवं घायल हिमांशु डेढ़ वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायलों में प्रिंस 5 वर्ष, मुलायम 40, सुनीता 35, नीतेश 4, मारकंडेय 40, सोना 35, आदित्य 11, गोलू 12, मंतारा 55, पंचम 18, राधेश्याम 55, जय बहादुर 5, प्रेमा 25, बबुल्ले 32, आशा देवी 48, कविता 18, विजय बहादुर 35, सोमारी 30, कुंदन 8 वर्ष घायल हुए हैं जिनका इलाज मिजार्पुर ट्रामा सेंटर में चल रहा है सभी लोग थानापुर गांव, सरायममरेज थाना, जनपद प्रयागराज के निवासी हैं।

## डम्फर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**सोरांव।** तेज रफ्तार डम्फर ने सोरांव के बलकरनपुर गांव के सामने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोरांव लाया गया। हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने उसे एसआरएन रिफर कर दिया, लेकिन रास्ते मे हो उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डम्फर को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार सोरांव इलाके के डोमनीमऊ गांव निवासी बहालुद्दीन 55 पुत्र हबीबुद्दीन रविवार दोपहर बाइक से किसी काम से सोरांव आ रहा था। जैसे ही वह बलकरनपुर गांव के सामने पहुंचा सामने से रहे तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बहालुद्दीन गम्भीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने उसे स्थानीय अस्पताल भेजा जहाँ हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने एसआरएन रिफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय बहालुद्दीन ने दम तोड़ दिया। उधर घटना के बाद डम्फर व चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना से मृतक के घर मे कोहराम मचा हुआ है।

## कार्यकर्ता एवं व्यापारियों ने सुनी पी एम मोदी की मन की बात

**सहसों।** सहसों के बूथ संख्या 151 पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने एक गारमेंट्स की दुकान पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के द्वारा जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं एवं व्यापारियों ने लगे टीवी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 112वां एपिसोड बहुत ही उत्साह पूर्वक ध्यान से सुना तथा पीएम मोदी द्वारा देश के विकास में जनता के हित को ध्यान में रखते हुए किए गए कार्यों व चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना भी की गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, मनोज तिवारी, प्रमोद केसरवानी, राधे श्याम केशरवानी, पिंटू केसरवानी, फूलचंद्र साहू , राजा केसरवानी, सोनू प्रजापति सहित आदि लोग मन की बात सुनते मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी केंद्र में मिला लटकता हुआ ताला

अखण्ड भारत संदेश।

### सीडीपीओ मांडा ने दिए वेतन रोकने के निर्देश

**मांडा।** बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की दयनीय स्थिति है। जो अपने उद्देश्य से भटकता हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता और कब बंद होता है इसका पता भी लोगों को नहीं चल पाता है। यह कहना गलत नहीं कि केंद्रों का संचालन कागजों पर ही किया जा रहा है। शासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधारने को लेकर भले ही निर्देश जारी किया है लेकिन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी सुविधा के अनुरूप ही काम करती है। विभाग ने लापरवाही पकड़ में आने पर कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का वेतन रोका।..लेकिन इसके बाद भी उनकी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा। मांडा खास में कुल नौ आंगनवाड़ी संचालित है जिसमे अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र अक्सर बंद रहता है। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की न तो जानकारी मिल पाती है और ना ही लाभ। लोगों ने बताया अधिकतर आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रयागराज में रहती है जब राशन उठान की बारी आती है तो फौरन अपने केंद्र पहुंच जाया करती है राशन वितरण करने के तुरन्त केंद्र में ताला लटक जाता हैं। लाभार्थियों के शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। केंद्र बंद होने से बच्चों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है। मांडा क्षेत्र के चाहे गिरधरपुर, बघौरा, हड़िया,मांडा, सबकी यहीं दशा है। अगर यही हाल रहा तो भविष्य का भविष्य अंधकारमय होना तय है।



## बड़े हनुमान मंदिर में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**कौंधियारा।** भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से श्रावण मास के पावन पर्व पर राधा माधव भक्त मंडली द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ हनुमान मंदिर बालक दास आश्रम जारी में दिन रविवार को कलश यात्रा कथा स्थल से जारी बाजार करछना रोड तक यात्रा होते हुए पुनः कथा स्थल प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर में संपन्न हुई इस कलश यात्रा में सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश उठाए कतार बद्ध और पीला वस्त्र पहने अनुशासित होकर चल रही थी ।मन में समस्त जीव प्राणियों के मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ रही थी। साथ ही साथ इसी कड़ी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ ।कथा वाचिका किशोरी मनुप्रिया के मुखारविंद से सप्त दिवसीय कथा अनवरत चलेगी कथा में सहयोगी के रुप में पूज्य सत्यम प्रपन्नाचार्य, पंकज दुबे मोहित उपाध्याय, गोपाल शर्मा, अद्भुत मिश्रा, मनोज केसरवानी, कृपानाथ तिवारी, अरविंद अग्रहरि विकाश, शैलेन्द्र ,सुधाकर देव, शिवम तिवारी, अन्य समस्त जारी बाजार के व्यापारी एवं समस्त भक्त जन सहित महिलाएं शामिल रहे।

## पांच माह से निर्माणाधीन पानी की टंकी अधर में लटकी

अखंड भारत संदेश

**11 जुलाई से ही ग्राम प्रधान अल्हवा ने प्रदेश के नमामि गंगे जल जीवन मिशन के प्रमुख सचिव को भेज रखा है शिकायती पत्र, एक्सियन जल निगम ग्रामीण के स्तर पर शिकायत लंबित**




**कोरांव।** जल जीवन मिशन के तहत निर्मित हो रही पानी की टंकी करीब पांच मांह से ठप पड़ी है। निर्माण कार्य दाई संस्था वर्षा फर्म ने निर्माण के बजाय टंकी की फाउंडेशन में लगी स्टील की सरिया और निर्माण सामग्री उठा ले गया। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने सासन स्तर से की है। अवगत हों कि हिंद कांस्ट्रकसन ने वर्षा को निर्माण कार्य का ठीका दिया था। आरोप है कि उसे धन नहीं मिला तो काम बंद कर दिया। इससे सामग्री आदि उठा ले गया। ग्राम सरपंच को जब जानकारी हुई तो बची खुची निर्माण सामग्री ढुलाई रोक दिया। हिंद फर्म ने कहा कि निर्माण कार्य अधर में रहने के कारण संबंधित विभाग को शिकायत किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में ग्राम प्रधान ने पुनः शिकायत की है। अधिकारियों ने बोला जल्द निर्माण कार्य अन्य ठिकेदार करेंगे। फिलहाल अभी तक निर्माण कार्य न होने से ग्रामीण क्षुब्ध हैं। इस मामले में माननीय विधायक कोरांव और एसडीएम कोरांव आदि ने भी विभागीय अधिकारियों को पत्राचार के जरिए कार्यवाही की तसल्ली ग्राम अल्हवा में भ्रमण के दौरान दी थी। ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने तत्काल पानी की टंकी का निर्माण कार्य चालू किए जाने की माग की है।

## न्यूज झरोखा

### मेजा के जेवनियाँ चौकी में धूमधाम से मना भोले नाथ का स्थापना दिवस हुई पूजा अर्चना





**मेजा।** मेजा कोतवाली के जेवनिया पुलिस चौकी परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरे विधि विधान से भोले बाबा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर जेवनियां चौकी प्रभारी मनोज कुमार,एवं पूर्व चौकी प्रभारी रहे सुशील दुबे व दरोगा दिनेश यादव सपत्नी,समाजसेवी अधिवक्ता अभिषेक तिवारी, दरोगा संतप्रकाश त्रिपाठी सभी ने मंदिर में रुद्राभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना किया। पुलिस चौकी में आज ही के दिन मंदिर की स्थापना हुई थी। इस मौके पर अष्टभुजा प्रसाद तिवारी, बसंतजी शुक्ल, विभव मिश्रा, रतन गौतम, सौरभ राय, शशिकिरण राय, अमरनाथ सिंह, सर्वजीत चौहान, जितेंद्र कुमार, आकाश पाण्डेय तथा हरीश कुमार सहित कई कई संभ्रांत लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मऊआइमा में बारिश के लिए पढी गयी नमाज मांगी गई दुआ



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में बारिश के लिए एकत्रित हो कर लोगों ने दो रेकात नमाज अदा की और अल्लाह से दुआ मांगी ।इस अवसर पर मौलाना सालिम अहमद ने कहा कि हमारे गुनाहों के कारण अल्लाह आसमान से बारिश बंद कर दिया है ।आज हम सब एकत्रित हो कर अपने गुनाहों की माफी मांग कर अल्लाह से बारिश के लिए दुआ करें ताकि अल्लाह आसमान से रहमत की बारिश नाजिल करे।

### रक्तदान से बढ़कर और दूसरा कोई दान नहीं - योगेश शुक्ल

**मेजा के कोटहा गांव में स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर**



**मेजा।** क्षेत्र के कोटहा गांव में स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब सौ लोगों ने रक्तदान किया। रविवार को संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल की ब्लड बैंक की दो टीमें व मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन) ब्लड बैंक की दो टीमें लगी थी। रक्तदान शिविर में पहुंचे भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए। रक्तदान महादान है, इस दान से बढ़कर और कोई दूसरा दान नहीं है। इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। संत निरंकारी मिशन के प्रबंधक आर बी सिंह ने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया। शिविर में संचालक सतीश, रामकुमार, नागेन्द्र कुमार व इंद्रमणि पटेल ने मुख्य सहभागिता निभाई। इस मौके पर जयशंकर पाण्डेय, जयशंकर भारतीया, हरिकांत पाण्डेय, विनय शुक्ला, हरिमोहन पाण्डेय, गीता भारतीया व डाक्टरों की टीम में डॉ सुशील कुमार मिश्रा, डॉ अनिल कुमार तिवारी, डॉ अंजली पाल, डॉ पूनम यादव कामता कुमार सहित धन निरंकार के कई लोग मौजूद रहे।

### अरैल में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने स्वच्छता अभियान चलाया



**नैनी।** नैनी अरैल में रविवार को श्रावण मास के पवित्र महीने में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व में स्वच्छता हेतु जन जागरण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। दारागंज से आए विशेष अतिथि सोमनाथ मिश्रा, कैलाश दत्ता, सूरज श्रीवास्तव ने संस्था के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों से आप सभी निस्वार्थ गंगा सेवा एवं मंदिरों की सेवाएं स्वच्छता अभियान चलाकर निरंतर कर रहे हैं। जो की धरातल पर दिखाई पड़ता है, यही सच्ची सेवा है सनातन धर्म के प्रति। संस्था के छोटे स्वयंसेवक उज्जवल यादव ने स्वच्छता के प्रति आम जनमानस से मंदिर परिसर में स्वच्छता रखने हेतु अपील की। कार्यक्रम में मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ एस.बी. यादव, ऋषि दीक्षित, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, संदीप केसरवानी, विनोद गुरानी, प्रवीण तिवारी, आर्यन यादव, सनी यादव, सौरभ यादव, गौरव यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### ताला तोड कर चोरों ने घर से हजारों का सामान किया पार

**मऊआइमा।** घर का ताला तोड कर चोरों ने इंजन वाटर पंप आदि चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी असद आमिर उर्फ मासूम पुत्र मोहम्मद अय्यूब का कहना है कि उसके बंद घर का ताला तोड कर चोरों ने इंजन, वाटर पंप, इन्वाइट,बैटरा आदि चोर चोरी कर ले गए। असद आमिर ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन ने किया रक्तदान




**कोराव।** हर साल की तरह इस साल भी बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज, करेलाबाग मे जाहिदा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज के फाउंडर जनाब तारिक खान साहब की अध्यक्षता मे रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अकादमिया एवं ब्लड बैंक नाज हॉस्पिटल की तरफ से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे शहर के काफी लोगों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम को सफल बनाने मे जनाब आफताब अहमद साहब, जनाब शम्स तबरेज साहब और मोहतरमा असरा नवाज जी का काफी योगदान रहा। लोगों ने ब्लड डोनेट करके सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया। प्रोग्राम मे आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष जनाब अशफाक अहमद सिद्दीकी ने भी रक्तदान करके हिस्सा लिया इन्ही के साथ साथ केयर फॉर लाइफ के संस्थापक अकबर खान, राशिद समी, शफीक, आसिफ, मुमताज, जफर, शाहबाज, जहीर उस्मानी व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शहर के जाने माने डॉक्टर नाज़िम साहब ने अपने हाथों से अशफाक अहमद सिद्दिकी व अन्य साथियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अशफाक अहमद सिद्दीकी उच्च न्यायालय मे सहायक निबंधक के पद पर कार्यरत हैं और समाज सेवा करने मे हमेशा आगे रहते हैं और लोगों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। अध्यक्ष जी ने प्रोग्राम मे शामिल सभी सम्मानित साथियों के साथ साथ डॉक्टर तारिक खान, आफताब अहमद एवं जनाब शम्स तबरेज खान, बेनहर स्कूल एन्ड कॉलेज का उन्हे आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया अदा किया और कहा जब तक ज़िंदा रहूंगा समाज मे किसी के लिए किसी काम आ सका तो हर वक़्त खड़ा रहूंगा और जीवन भर समाजसेवा करता रहूंगा।

## बिना डिग्री आयुर्वेदिक क्लीनिक चला रहा फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**दवा एवं इलाज के नाम पर क्षेत्र के लोगों पर डाका डालने वाले सद्दाम हुसैन पर चला प्रशासन का डंडा , मेजा के कोटहा गांव में रहमत दवाखाना के नाम संचालित क्लीनिक हुई शीज, भारी मात्रा में आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवाइयां तथा लैपटाप बरामद**



**मेजा।** क्षेत्र के कोटहा गांव में बिना डिग्री के क्लीनिक चलाने वाले फर्जी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह इलाज के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा था। शनिवार को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए भंडाफोड़ किया। क्लीनिक में छापेमारी के दौरान टीम को भारी मात्रा में नकली दवाइयां मिलीं। इसके अलावा क्लीनिक में फर्जी डाक्टर मौके पर मरीज का इलाज करते मिला। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शारदा प्रसाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उनको महानिदेशक आयुष मानवेंद्र सिंह द्वारा व्हाट्सएप पर मिली शिकायत व वीडियो के साक्ष्य के आधार पर जानकारी दी गई।इस संबंध में 26 जुलाई को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज से संपर्क किया गया। उनके द्वारा एसडीएम मेजा को निर्देशित किया गया। 27 जुलाई को एसडीएम मेजा दशरथ कुमार तथा पुलिस चौकी मेजा रोड के उप निरीक्षक सचिन गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिलेश यादव, चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ दीपक सोनी एवं सहायक मुक्तेश मोहन शुक्ला सहित रहमत दवाखाना कोटहा के पते पर आकस्मिक छापेमारी करते हुए निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सद्दाम हुसैन पुत्र बुद्ध हुसैन 15 मलाहीपुर बिलारी देहात मुरादाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा कुसुम देवी पत्नी धर्मराज निवासी नेवढ़िया के सिर दर्द का इलाज करते हुए पाया गया। क्लीनिक में कई बोरियों में औषधियां पाई गई हैं। सद्दाम हुसैन चिकित्सा संबंधी कोई योग्यता एवं डिग्री नहीं दिखा सका। इनके द्वारा यह भी बताया गया कि यह ठीक प्रकार से उर्दू के अतिरिक्त अन्य कोई भाषा लिखना व पढ़ना नहीं जानता है। मौके पर कई डिब्बों में संदिग्ध पाउडर पाया गया, जिसे सद्दाम आयुर्वेदिक दवा बताया। तीन बोरों में प्लास्टिक की थैलियों में कागज की पुड़िया में चमकीला चांदी के रंग का पाउडर पाया गया जिन्हें सील कर नमूना जांच हेतु भेजा गया। मौके पर कई एलोपैथिक दवाएं भी पाई गई हैं। भारी मात्रा में औषधियां क्लीनिक के अंदर रखी गई है,जिसे सील कर दिया गया है ।सद्दाम के पास एक लैपटॉप मिला। टीम ने इनके द्वारा फर्जी चिकित्सक बनकर लोगों को भ्रमित कर, अवैध उगाही, झांसा देना, नकली दवा का व्यवसाय, दवा में मिलावट और ठगने का मामला दर्ज कराया है। साथ ही औषध एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 33 (आई) और 33 (जे) अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करने की बात भी शिकायत में दर्शित किया है।

## चार किलोमीटर सड़क 400 गड्ढे चलना हुआ मुश्किल राहगीर हलाकान

अखंड भारत संदेश



खस्ताहाल गड्ढों में तब्दील सहसों बगई संपर्क मार्ग।

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग स्थित सहसों से बगई चौराहा संपर्क मार्ग लगभग चार किलोमीटर की सड़क कई वर्षों से खस्ताहाल है। जिस पर लगभग 400 छोटे बड़े गड्ढा होकर मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कहने को तो काली मार्ग है। परंतु वर्षों से मरम्मत की बाट जो रही यह खस्ताहाल मार्ग वर्षा के चलती सड़कों पर हुए गड्ढों में वर्षा का पानी एवं सड़क कीचड़ युक्त हो जाने के कारण कार, बाइक, साइकिल से चलना तो दूर पैदल राह भी दुश्वार हो गया है। जिससे आसपास के राहगीरों का आवागमन मुश्किल भरा हो गया है। ऐसे में आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल होते घायल हो रहे हैं। सप्ताह भर पहले इसी मार्ग पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह का भतीजा अमन सिंह राजपूत दुर्घटना में बायां हांथ टूट जाने से घायल हो गया। इस मार्ग से प्रतिदिन भारी संख्या में किसान, छात्र छात्राएं, राहगीर, व्यापारी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग अपना व्यवसाय एवं जीविका चलाने के लिए आवागमन करते हैं। यह संपर्क मार्ग सहसों से माजरा गांव बहरापुर, जगबंधनपुर, भवनकुइयां, बगई कला, बगई खुर्द, हटवारा चौराहा, मनापुर आदि गांवों को जोड़ते हुए नेशनल हाईवे पर जाकर मिलती है। जिसके चलते यह महत्वपूर्ण मार्ग आमजन के लिए सुविधाजनक होने के कारण कई गांव के लोग बाजारों, स्कूल कॉलेज एवं बैंकों तक पहुंचने के लिए आवागमन करते रहते हैं। इस संबंध में कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह लखनऊ जाकर प्रदेश शासन में लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह के आवास पर जाकर मिले और समस्या से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत की मांग किया। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिशंकर सिंह ने बताया कि हमारे गांव के आसपास के कई किसान सब्जी आदि का व्यवसाय करते हैं। जिसे लेकर वे फूलपुर मंडी सहित आदि मंडियों में जाते हैं। परंतु खस्ताहाल ध्वस्त मार्ग होने के कारण प्रतिदिन किसानों, स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोक गायक वीरेंद्र सिंह ने एवं अश्विनी प्रताप सिंह शनी व विकास सिंह ने बताया कि कई बार इस संबंध में लिखित एवं मौखिक शिकायत दर्ज कराते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत कराया गया। परंतु कोरा आश्वासन की खाना पूर्ति के नाम पर लीपा पोती करके छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी लोकसभा चुनाव से पूर्व शिकायत पर मार्ग पर इधर-उधर गिट्टियां डालकर छोड़ दी गई मामला जस का तस रह गया। मार्ग की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का केवल आश्वासन मिलता रहा इसके अलावा कुछ भी नहीं हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आंखों में पट्टी बांधे हुए हैं इनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। परंतु लोग इस मार्ग की चिन्ता को लेकर जनप्रतिनिधियों से निराकरण की मांग करते हुए समस्या से निजात पाने के लिए काफी उम्मीद लिए बैठे हैं। कि हो सकता है अबकी बार मार्ग का मरम्मत हो सके और आवागमन सुचारू रूप से हो सके।







अश्वनी प्रताप सिंह शनी।
अमन सिंह राजपूत।
विकास सिंह।

# प्रयागराज कमिश्नरेट ने 28वीं अन्तर जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता ट्रॉफी पर किया कब्जा

अखंड भारत संदेश

## एक तरफा मुकाबले में कौशांबी टीम को दी 6-0 शिकस्त, एसीपी पुष्कर वर्मा ने सर्वाधिक गोल कर बेस्ट स्कोर का अवॉर्ड किया अपने नाम




**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में चल रहे 28वीं प्रयागराज जोन की अन्तर जनपदीय वार्षिक फुटबाल मैच का फाइनल (पुरूष वर्ग) मुकाबला कमिश्नरेट प्रयागराज टीम व कौशाम्बी के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज की टीम ने एक तरफा मुकाबले में कौशांबी को 6-0 से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। पूरे टूनामेंट के दौरान एसीपी पुष्कर वर्मा ने सर्वाधिक गोल कर बेस्ट स्कोर का अवार्ड भी अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में भी एसीपी पुष्कर वर्मा ने प्रयागराज टीम की तरफ से 4 गोल किया जबकि इमरान और कृष्ण ने 1-1 गोल किया। महिला वर्ग में खेले गए दूसरे फाइनल मैच में प्रयागराज व प्रतापगढ़ की टीमों के बीच खेला गया जिसमें पैनाल्टी सूट आउट में प्रतापगढ़ की टीम ने प्रयागराज की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज भानु भास्कर, मौजूद रहें तथा खिलाडियों का उत्सावर्धन कर विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एन० कोलांची, डीसीपी नगर दीपक भूकर, अभिजीत कुमार, ए०डी०सी०पी० गंगानगर, डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय, एसीपी पुष्कर वर्मा विनोद कुमार सिंह एवं प्रवीण कुमार सिंह प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अरैल में विद्युत कटौती से लोगों में आक्रोश

**नैनी।** नैनी अरैल में विद्युत कटौती से जीवन अस्त्र व्यस्त संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत कटौती से नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है सावन का महीना चल रहा है सिद्ध पीठ सोमेश्वर नाथ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण भोले शंकर नाथ का दर्शन करने के लिए आते जाते हैं। मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहता है लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लापरवाही के चलते आए दिन घंटो विद्युत गायब रहती है जिससे इस भीषण गर्मी में भक्तों को परेशानी उठानी पड़ती है ग्रामीणों के बीच में आक्रोश है जैसे अरैल सोमेश्वर नाथ कर्बला मुरादपुर सच्चा बाबा नगर नंदन तालाब शिवनगर जगह विद्युत कटौती से आक्रोश व्यक्त करने वालों में महंत सोमेश्वर नाथ मंदिर कार्तिकेय पुरी मंडल महामंत्री राम जी श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता महेश वर्मा डॉक्टर सुभाष कुशवाहा पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी पहलाद पांडे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज यादव आदि लोगों ने विद्युत कटौती से राहत देने की मांग मुख्यमंत्री से की।

# गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की सजा पर फैसला आज

अखंड भारत संदेश

## कोर्ट ने चार जून को सुरक्षित किया था फैसला



**प्रयागराज।** गैंगस्टर मामले में चार गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने के मामले पर हाईकोर्ट में आज फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद चार जुलाई को फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है।गौरतलब है कि अफजाल अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड के बाद लगाई शुरू हुए गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने सजा को रद्द करने और राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे ने सजा बढ़ाने की अपील हाइकोर्ट में दाखिल की थी। इसके पहले अफजाल की अपील हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने सजा को निलंबित करते हुए फिर से सुनवाई के लिए मामले को हाइकोर्ट वापस भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई सुनवाई के बाद अदालत ने चार जुलाई को फैसला सुरक्षित किया था। अफजल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी, दयाशंकर मिश्रा और उपेंद्र उपाध्याय ने बहस करते हुए तर्क दिया था कि कृष्णानंद राय हत्याकांड के कारण शुरू हुए गैंगस्टर की कार्रवाई अवैधानिक है, क्योंकि अफजाल अंसारी कृष्णानंद राय हत्याकांड से बरी हो चुके हैं।जबकि सजा बढ़ाने की अपील पर बहस करते हुए राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने कहा था कि केवल राजनीतिक रसूख और बढ़ती उम्र के आधार पर कम सजा नहीं दी जा सकतीं। ऐसा करने से राजनीति में अपराधियों वर्चस्व बढ़ेगा और आम लोगो का मनोबल टूटेगा।

### अफजाल के राजनीतिक भविष्य का भी होगा फैसला

आज हाइकोर्ट के निर्णय गैंगस्टर मामले में सुनाया जाएगा, लेकिन यह फैसला अफजाल के राजनीतिक भविष्य को भी तय करेगा। सजा बरकार रही या बढ़ी तो अफजाल अंसारी की लोकसभा सदस्यता समाप्त हो जाएगी और गाजीपुर की संसदीय सीट पर उपचुनाव होगा। अगर फैसला अफजाल के पक्ष में आया तो सरकार के लिए बड़ा झटका होगा।गौरतलब है कि अफजाल अंसारी लगातार दूसरी बार गाजीपुर से सांसद बने है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में वह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर लड़े थे, जबकि 2019 में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के टिकट जीत हासिल की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में अफजाल अंसारी ने बीजेपी के पारस नाथ राय को 1,24,861 वोटों के अंतर से मात दी है।



# कर्बला के शहीदों की याद में मनाया दसवां

### शहादत की दास्तान सुनकर नम हुई लोगों की आंखें

**प्रयागराज।** कर्बला के शहीदों की याद में आज दसवां मनाया गया। करेली शम्स नगर और बाजूपुर में मजलिस हुई। इसमें कर्बला की दास्तान को सुनाया गया। अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया बख्शी बाजार के नौहाख्वानों ने अकीदत का नजराना पेश किया। नियाजुल हसन, हाशिम बांदवी, जिब्रान रिजवी, हैदर मेंहदी, यासिर मंजूर, महमूद अब्बास, आबिद हुसैन, नाज़िर हुसैन, मोहम्मद रिजवी, मिर्जा शीराज, मिर्जा राहिब, कैफ, अलमदार हसनैन, हुसैन अस्करी आदि ने नौहा पढ़ा।इस मौके पैर रिजवान जव्वादी, हसनैन अख्तर, मिर्जा अजादार हुसैन, मकसूद रिजवी, हुसैन रजा, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अब्बास गुड्डू, अहसन रजा, जामिन हसन, सफी नकवी आदि मौजूद रहे।

दरियाबाद में होगा दहकते अंगारों पर मातम : अन्जुमन इमामिया चक जीरो रोड की ओर से शहादत इमाम ए सज्जाद पर एक अगस्त को अंगारों का मातम होगा। अन्जुमन इमामिया चक पर तेज धार की छुरियों से लैस जंजीरों से मातम किया जाएगा। इसमें फैजान आब्दी की सोजख्वानी तो अर्शी रिजवी पेशख्वानी करेंगे। मौलाना आमिरुर रिजवी मजलिस को खिताब करेंगे।

## चोरी के ट्रैक्टर के साथ दो वांछित गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सोरांव।** सोरांव पुलिस ने रविवार को तुलापुर अंडरपास के पास से दो वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए ट्रैक्टर व घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि तुलापुर अंडरपास के पास चोरी किए गए ट्रैक्टर के साथ दो युवक मौजूद हैं। पुलिस ने घेरावन्दी कर दोनो वांछित को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवको में एक का नाम महेश पटेल पुत्र रामनरेश पटेल निवासी बेलहा थाना नवाबगंज व दूसरे का नाम राजकुमार गौतम पुत्र रामकुमारनिवासी मेंडारा नवाबगंज है। दोनों से चोरी किए गए ट्रैक्टर के साथ ही घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि राजकुमार गौतम के खिलाफ फाफामऊ के साथ ही फतेहपुर में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मालिकाना हक : डीएलसी कार्यालय पर होगा प्रदर्शन

## पीएसी के बुल्डोजर की धमकी से बढ़ा आक्रोश




**नैनी।** नैनी पिछले 43 वर्षों से लंबित मालिकाना अधिकार की समस्या को लेकर अब उप श्रम आयुक्त (डीएलसी) कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। श्रमिक बस्ती, नैनी प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर आदि नगरों में स्थित श्रमिक बस्तियों के मकानो का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 15 वर्ष से श्रमिक बस्ती, नैनी के निवासियों द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। बस्ती के निवासियों ने आज मानस पार्क में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह नैनी उत्तर प्रदेश श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज होगा। श्रम विभाग के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। धरना स्थल पर समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि श्रम विभाग, प्रयागराज मजदूरों के हितों के बजाय पीएसी के हितों के लिए काम कर रहा है। मजदूरों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के बजाय पीएसी को श्रमिक बस्ती की भूमि एवं भवन दिए जा रहे हैं। जिसके खिलाफ अब उग्र आंदोलन होगा। उप श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष धरना, प्रदर्शन, अनशन शुरू करने के साथ ही अधिकारियों का घेराव भी किया जाएगा। श्रमिक बस्ती में आज जुलूस, धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों के लिए बनाई गई इस कॉलोनी में पीएसी वालों ने बच्चों के सभी खेल ग्राउंड, पार्कों और वेलफेयर सेंटर पर कब्जा कर लिया है। 300 मकानो पर पहले से ही इन्होंने कब्जा कर रखा है। अब पीएसी प्रशासन द्वारा लोगों के आवास बुलडोजर से गिराए जाने की धमकी दिए जाने के कारण जनता में भारी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

# युवक की हत्या करने वाले दंपति अरेस्ट

अखंड भारत संदेश

## शराब के नशे में मारपीट हुई थी, गुस्से में सिर डिवाइडर से टकरा दिया था



**प्रयागराज।** शराब पीने को लेकर एक दंपति का एक युवक से झगड़ा हो गया था। उसके बाद गुस्से में दंपति ने उसका सिर डिवाइडर से टकरा दिया था। उसे गंभीर हालत में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। सिविल लाइंस पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों को पकड़ लिया। शुक्रवार की रात हुआ था झगड़ा प्रयागराज जंक्शन के पास लीडर रोड पर 35 वर्षीय गुड्डू अपनी पत्नी चांदनी के साथ रहता था। शुक्रवार की रात गुड्डू अपने दोस्त सुलेमान के साथ शराब पीने निकला। दोनों सिविल लाइंस साइड रेलवे स्टेशन की तरफ पहुंच गए थे। शराब के नशे में दोनों के बीच मारपीट हो गई थी। इसके बाद सुलेमान ने फोन कर अपनी पत्नी को बुला लिया। पति-पत्नी ने गुड्डू से मारपीट के बाद उसका सिर डिवाइडर से टकरा दिया था। मामले में रविवार को पुलिस ने मो. सुलेमान पुत्र सिकन्दर निवासी बड़ी मस्जिद बेली कैन्ट और उसकी पत्नी अंजली निवासी दिवरकोदारी थाना मंझनपुर कौशाम्बी हाल पता बड़ी मस्जिद बेली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शेरडीह गांव में निर्माणाधीन मकान से गिरकर प्लंबर की मौत

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र के शेरडीह गांव में निर्माणाधीन दो मंजिला मकान में काम करते वक्त प्लंबर की गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सरायइनायत के रामापुर निवासी राम फेर प्लम्बर का करता था। वह झूंसी शेरडीह में एक निमार्णाधीन मकान में काम कर रहा था। शनिवार को अचानक वह काम के दौरान दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। घायल अवस्था में उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया। रविवार को इलाज के दौरान प्लंबर राम फेर की मौत हो गई। राम फेर की मौत से परिजनों में कोहरा मचा हुआ है।



## यूपी रोडवेज ने प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ के लिए शुरू किया अभियान, सभी बसों में चिपकाए जाएंगे स्टीकर

**प्रयागराज।** यूपी रोडवेज की ओर से सिविल लाइंस रोडवेज पर आयोजित कार्यक्रम में पॉलिथीन मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया। यात्रियों से पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया गया। यूपी के सभी बसों में पॉलिथीन महाकुंभ मेला 2025 का स्टीकर लगाए जाने की शुरूआत की। सिविल लाइंस रोडवेज परिसर में खड़ी सभी बसों में स्टीकर लगाया गया।यूपी रोडवेज की बसों में पॉलिथीन मुक्त महा कुंभ मेला स्टीकर लगाए जाने के अभियान की शुरूआत रविवार को सिविल लाइंस बस स्टेशन से हुई। रोडवेज के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा सभी कर्मचारियों को पॉलिथीन मुक्त और पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि यूपी की सभी बसों में स्टीकर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष महाकुंभ लगने वाला है। इसमें देश के कोने-कोने से लोग प्रयागराज पहुंचेंगे। उनको पर्यावरण संरक्षण का संदेश जाना चाहिए। इसको लेकर रोडवेज की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए यह एक अच्छी पहल है। चालक और परिचालकों द्वारा यात्रियों को भी जागरूक किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत आज प्रयागराज से हुई है जो पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा।

# न्यूज झरोखा


## जूस की दुकान पर लगी भीषण भीषण आग



**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के पहलवान जूस कार्नर की दुकान में शनिवार रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ आर के पाण्डेय मय फायरबिग्रेड के साथ पहुंचे और फायरकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। डॉ आर के पाण्डेय ने बताया कि देर शाम करीब श लगभग नौ बजे कन्ट्रोल रुम द्वारा पहलवान जूस कॉर्नर करेली में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर फायर स्टेशन आफिसर और दो फायरबिग्रेड की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम और फायर सर्विस टीम के अथक प्रयास से एक घंटे में आग पर पुर्ण रुप से काबू पाया गया। आग से उपरी मंजिल और अगल-बगल की दुकानों को पूर्ण रूप से बचा लिया गया बताया गया कि करेली के रहने वाले युसूफ की जीटीबी नगर करेली स्थित बैंक आफ बड़ौदा के पास पहलवान जूस कार्नर नाम से दुकान है। इस परिवार की शहर में जूस की कई दुकानें हैं करेली स्थित दुकान देर रात तक खुलती है। शनिवार रात 9.30 बजे अचानक एसी के पास से धुआं उठने लगा। फिर धमाका हुआ और आग लग गई। आग की लपटें उठने से लोग दूर भागे पलभर में ही आग ने बड़ा रूप ले लिया। इससे आसपास के साथ ही ऊपर बनी दुकानों में मौजूद लोग घबरा गए और बाहर भाग निकले। सूचना पाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ आरके पांडेय फायरकर्मियों के साथ पहुंच गए। दो फायर टेंडर की मदद से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।


## सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक संपन्न

### लाइट एंड साउंड से भव्य होगा इस बार का रामलीला, अध्यक्ष राकेश जायसवाल



**नैनी।** नैनी रविवार को सार्वजनिक रामलीला समिति की आवश्यक बैठक अभिनंदन गेस्ट हाउस में हुआ। जिसमे समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ पार्षदगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल ने किया। इस बैठक में आगामी रामलीला को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में समिति के पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामलीला समिति के महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा को संरक्षक और अजय यादव को महामंत्री पद पर नियुक्त किया जाये। बैठक में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद राव (बुलबुल राव), पार्षद रणविजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नरसिंह, अजय श्रीवास्तव, अब्दुल गनी, वीरेंद्र शर्मा, सुधीर चढ्डा, सुरेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप केशरवानी, जय किशन तिवारी, रजत दुबे, लालजी जायसवाल, आलोक सिंह, राजीव वर्मा, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन, धर्मराज पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## छात्र छात्राओं को स्कॉलर ट्राफी देकर सम्मानित किया गया




**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आयोजित अलंकरण समारोह में दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्र छात्राओं को स्कॉलर ट्रारफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों ने शपथ भी ग्रहण की। प्रिसिपल सुजाता सिंह ने पदाधिकारियों को सैशे पहनाकर और बैज प्रदान कर अनुशासन और लगन से काम करने का संदेश दिया। अध्यात्म कपूर हेड ब्यॉय व नव्या चोपड़ा हैड गर्ल चुनीं गई। अध्यक्ष सोनू सिंह व विशिष्ट अतिथि वन संरक्षण अधिकारी तुलसीदास श्मा ने दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलर ट्राफी देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में चार चांद लगा दिया।

## चोरी के ट्रैक्टर, पिकअप के साथ दो गिरफ्तार

### कई गाड़ियां चोरी करने की बात कबूली, निशानदेही पर मिल रहीं गाड़ियां

**प्रयागराज।** सोरांव थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी का ट्रैक्टर और पिकअप वैन बरामद किया है। पूछताछ में बदमाशों ने कई और गाड़ियों को चोरी करने की बात कबूल की है। एक ट्रैक्टर चोरी कर प्रतापगढ़ में बेचने की बात सामने आने पर पुलिस टीम बरामदगी के लिए प्रतापगढ़ गई है।डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती के मुताबिक, वाहना चोरी की बढ़ती शिकायतों पर पुलिस टीम ने निगरानी शुरू की। पूछताछ में महेश पटेल पुत्र रामनरेश पटेल निवासी बेलहा थाना नवाबगंज और राजकुमार गौतम पुत्र रामकुमार निवासी मेंडारा थाना नवाबगंज का नाम सामने आया। रविवार को घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया गया। इसके बाद निशानदेही पर चोरी का ट्रैक्टर और पिकअप वैन बरामद कर ली गई। दोनों पर सोरांव समेत अन्य थानों में कई केस दर्ज हैं

# मण्डल के राजकीय इण्टर कालेजों की पढ़ाई पर रहेगी आनलाइन नजर

### माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा महेंद्र देव, जेडी दिब्यकान्त शुक्ल ने किया शुभारंभ

### सभी जीआईसी की मानीटरिंग शीघ्र प्रदेश मुख्यालय से होगी: डा महेंद्र देव

### बेहतर शिक्षण पर दिया जा रहा है जोर : दिब्यकान्त शुक्ल



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद परिषद यूपी बोर्ड से जुड़े राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और शैक्षिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए प्रयागराज मंडल के राजकीय इण्टर कालेजों जीआईसी की आनलाइन मानीटरिंग के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत हो गई है। ऑनलाइन मॉनिटरिंग के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव और संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल दिब्यकांत शुक्ल ने शनिवार को संयुक्त रूप से किया। प्रयागराज मंडल के 150 राजकीय इंटर कॉलेज की शैक्षिक गतिविधियों की आनलाइन मॉनिटरिंग के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल के कार्यालय में मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से मंडल के चार जिलों प्रयागराज प्रतापगढ़ फतेहपुर और कौशांबी के 150 राजकीय इंटर कॉलेज की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की शुरूआत की गई है। इसमें प्रयागराज के 35 कौशांबी के 25 फतेहपुर के 47 और प्रतापगढ़ के 43 राजकीय इंटर कॉलेज की मॉनिटरिंग की जा रही है। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक प्रयागराज के कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से सीधे इन स्कूलों के क्लासरूम की मॉनिटरिंग हो रही है। इससे यह पता चलेगा कि स्कूलों में शिक्षक पढ़ाई करा रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही स्कूलों में चल रही अन्य गतिविधियों का भी पता चल सकेगा।शिक्षाधिकारी अब तकनीक का प्रयोग कर बगैर फिजिकल विजिट किए स्कूलों की मॉनिटरिंग कर सकेंगे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने कहा है कि राजकीय इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चे मेधावी हैं। इन्हें बस सही गाइडेंस की जरूरत है। किसी कौशल की कमी न हो इसका प्रयास हो रहा है। इसी उद्देश्य से यह ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। इसमें अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि रिटायर्ड शिक्षकों से भी आह्वान करेंगे कि वह हमारे स्कूलों में आकर पढाएं। उन्होंने कहा है कि प्रयागराज मंडल में जो प्रयास किया गया है यह सराहनीय है। इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी होगी। कहा है कि इसका फीड बैक भी लेंगे। प्रयास यह है कि हमारे सभी विद्यालय कैमरे के सामने हों। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में 2300 राजकीय इंटर कालेज हैं। दिसंबर तक सभी राजकीय इंटर कॉलेजों को ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज मंडल दिब्यकांत शुक्ल ने कहा कि दूसरे चरण में मंडल के ऐडेड स्कूलों और वित्त विहीन स्कूलों को भी इस अभियान में शीघ्र शामिल किया जाएगा जिससे मंडल के 360 ऐडेड स्कूल भी इससे जुड़ जाएंगे। इससे क्लासेज में पढ़ाई की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक दिब्यकान्त शुक्ल ने शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए ही क्लासेज की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है।

यूपी बोर्ड के सचिव रहे दिब्यकान्त शुक्ल ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इस अभियान में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आया है। यूपी बोर्ड की तरफ से बोर्ड की परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। उन्हीं कैमरों की मदद से परीक्षा के दौरान क्लासेज की निगरानी की जाती थी। अब उन्हीं कैमरों की मदद से कक्षाओं में हो रही पढ़ाई की भी ऑनलाइन निगरानी की जा रही। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसके प्रयोग से माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में निश्चित तौर पर और सुधार आएगा।

# शिक्षक की बातें पूरे जीवन पाथेय का करती हैं कार्यः न्यायाधीश

**शिक्षक गौरव सम्मान समारोह में सम्मानित हुए 1100 से अधिक शिक्षक**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सामाजिक एवं संवैधानिक समिति और अवनि (ट्रस्ट) द्वारा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी, गुरु वंदन समारोह और शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता आलोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर 1100 से अधिक शिक्षकों का सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीपपति त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव, उच्चतम


शिक्षक गौरव सम्मान समारोह में न्यायाधीश को सम्मानित करते आयोजकगण।

न्यायालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता शिव प्रकाश सेनानी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोनेलाल पटेल चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का सफल संयोजन और संचालन डॉ सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आरंभ में आयोजक आलोक कुमार पांडेय ने सभी सम्मानित शिक्षकों के चरण धोकर उनका तिलक किया और अंगवस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक है। शिक्षक की बताई हुई बातें पूरे जीवन पाथेय का कार्य करती हैं। शिक्षक व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का निर्माण होता है। आयोजक आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, गुरुओं की कृपा से ही हूँ। जीवन की यहाँ तक की यात्रा गुरु की कृपा से ही संभव हुई है। अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक सूर्य की भांति अपने शिष्य को प्रकाशित करने का काम करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि राष्ट्र जीवन में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव ने कहा कि शिक्षक का सम्मान सर्वोपरि होता है और जो शिक्षक का सम्मान करता है वह उच्चतम शिखर पर पहुंचता है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्चतम न्यायालय में स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश, वरिष्ठ अधिवक्ता शिव प्रकाश सेनानी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सुनील श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक डॉ सौरभ पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, जिला मंत्री विनय सिंह, पंकज तिवारी, संजय तिवारी, रामानंद मिश्र, शिशिर खरे, सुरेंद्र प्रसाद पांडेय, नीतेश खण्डेलवाल, राजेश मिश्र, दिनेश अग्रहरि, राकेश मिश्र आदि ने विशेष सहयोग किया।

# होमगार्ड के जवानो ने किया वृहद वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिला कमांडेंट प्रतापगढ़ डॉ0 धीरेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में होमगार्ड्स कम्पनी कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण भव्यता, उत्साह, उमंग के साथ पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एवं एक पेड़ मां के नाम जन अभियान के तहत, शासन के मंशा के अनुरूप कार्यालय उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कुंडा प्रतापगढ़ में कंपनी अधिकारी वी0ओ0 राजेश कुमार पाल, प्लाटून कमांडर-दीनानाथ मिश्रा, प्रमोद कुमार तिवारी व होमगाड्र्स जवानों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। कंपनी कुंडा प्रतापगढ़ के समस्त अधिकारी व होमगाड्र्स जवानों ने रविवार को प्रातः 8 बजे कार्यालय उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कुंडा पहुंच कर परिसर में आम, पीपल, बरगद, पाकड़, नीम ,इमली, जामुन आदि प्रजातियों सहित छायादार व फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया। प्रत्येक होमगार्ड द्वारा दो-दो वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण किया एक पेड़ माँ के नाम लगाने का संकल्प लिया और कहा कि लोग अपने घर के आस पास खाली पड़े जगहों पर पेड़ लगाए और उनकी अपने परिवार की तरह समय समय पर पानी व देखभाल करे ताकि पेड़ के बड़ा होने पर शीतल ठंडी व

# दबंग जबरिया कर रहे धान की रोपाई, विरोध पर की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भूमि धरी जमीन पर विपक्षियों द्वारा दबंगई के बाल जबरिया धान की रोपाई करने का विरोध करने पर मारपीट हो गई। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रेड़ीगरापुर गांव के रहने वाले संतलाल ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह सुबह खेत की तरफ गया तो देखा विपक्षी दबंगई के बाल जबरिया उसकी भूमि धरी भूमि पर धान की रोपाई कर रहे थे। जब उसने विरोध किया तो आप है कि उसे मां-बहन की गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटा गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ गांव के रहने वाले विवेक यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसियों द्वारा अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था जिसका विरोध करने पर विपक्षियों ने एक राय होकर घर की महिलाओं के साथ बच्चों को मारा पीटा पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है।

# भीषण गर्मी में सर्वे कराकर ठीक किये जाएं हैण्डपम्पः ईओ

**सभासदों से परिचय के दौरान बोले अधिशाषी अधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगरपालिका परिषद बेल्हा में अधिशाषी अधिकारी की अध्यक्षता में रविवार को सभागार में सभासदों एवं अधिकारियो/कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य परस्पर परिचय प्राप्त करना था। सभासदगण से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त ईओ द्वारा सफाई, पेयजल एवं मार्ग-प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी।

इस दौरान ईओ द्वारा निर्देश दिये गये कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत् पालिका द्वारा स्थापित हैण्डपम्प एवं वाटर ए0टी0एम0 का त्वरित


बैठक में बोलते अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार।

सर्वेक्षण कराकर यदि उसमें कोई खराबी हो तो दो दिवस के अन्दर ठीक कराया जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जल-नलिकाओं से नागरिकों को रोस्टर के हिसाब से जलापूर्ति मिलती रहें। आगामी दिवसों में अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर नगर के सभी गलियों/प्रमुख मार्गो की विशेष सफाई कराते हुए कूड़े का समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय। इसी प्रकार मार्ग प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सभी वार्डो का सर्वेक्षण कराते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक वार्ड में कितने पोल है तथा कितनें हाईमास्ट है और यह सभी क्रियाशील है अथवा नही।

यदि इसमें कोई खराबी हो तो तत्काल उसे दुरूस्त कराया जाय। समीक्षा के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभासदों से वार्ड की समस्याओ के बारे में लिखित रूप से अवगत करानें के निर्देश दिये गये। बैठक में प्रमुख रूप से शिव शंकर मिश्र, योगेश सिंह, धीरज सिंह, दीपक कुमार, आशीष जायसवाल, सुनील दूबे, तुषार दत्त मिश्र, बसन्त लाल गुप्ता, राकेश पटेल, विजय बहादुर, विनोद कुमार रजक, मुफीज अहमद, अमृत लाल, तथा अन्य वार्डो के सभासदों के प्रतिनिधियों के रूप में अनिल कुमार सिंह, संजय सिंह, आशुतोष सिंह, पवन कुमार निभा मौर्या, कुमकुम केसरवानी, रीना सरोज, शहनाज बानों, रवि मिश्रा आदि एवं पालिका के सफाई निरीक्षक सन्तोष सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश बिन्द, प्रशान्त सिंह लिपिक उपस्थित रहें। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन नगरपालिका परिषद बेल्हा के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार द्वारा किया गया।

# तालिबानी पंचायत में महिला के साथ अमानवीय व्यवहार, मुंह मे कालिख पोत कर दी सजा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर कुढ़ा मे तीन बच्चों की माँ पर प्रेम प्रसंग का आरोप लगाते हुए उसे अमानवीय सजा सुनाने का मामला प्रकाश मे आने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने 14 लोगों को हिरासत मे ले लिया। घटना की सूचना से आसपास के कई थाना क्षेत्र से पुलिस बल मौके पर पहुचा।

गांव की एक महिला पर ये आरोप लगाया कि उसका एक युवक के साथ प्रेम सम्बंध है। इसी बात पर युवक को पकड़ कर बाँध कर इसकी पिटाई की गयी और महिला के मुंह मे कालिख पोत कर उसके बाल काट दिये गये। अब सवाल ये उठता है कि इस तालिबानी सजा देने वालों को या कानून का भय नहीं है या समाज क्रूरता की ओर बढ़ता जा रहा है। मौके पर एडीशनल एसपी पश्चिमी संजय राय और सीओ कुण्डा अजीत कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले मे जाँच शुरु करवा दिया। उसी के तहत 14 लोगों को हिरासत मे लेकर कार्यवाई शुरु कर दिया।

# केन्द्रीय बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को करेगा मजबूतः राज्य मंत्री

**रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला है बजट**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय बजट 2047 तक भारत को विकसित करने वाला बजट है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को मजबूत करने में काम करेगा। इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नींव रखने का काम किया गया है। उक्त बातें रविवार को ग्राम विकास अफीम कोठी के कांफ्रेंस हाल में पत्रकारों से बातचीत में लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और



पत्रकारवार्ता में बोलते राज्य मंत्री बृजेश सिंह।

उद्योग को उभारने के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है,जो राज्य की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का भ्रम फैला रही विपक्षी पार्टियों के लिए यह बजट उन्हें मुद्दा विहीन बनाने का काम करेगा। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस बजट में कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश को 20 लाख इकाइयों को जीवन दान मिलेगा व 22 लाख नये उद्यमी तैयार होंगे । शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्कोप व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के लगभग एक सौ आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास, सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा अध्यक्ष हरिओम मिश्र, विधायक जीतलाल वर्मा, जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र नाथ शुक्ल, राजेश सिंह, सहित आदि मौजूद रहे।

## करेंट लगने से अधेड की मौत, मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जिरवाबाग किंयावां निवासी कन्हैया लाल पुत्र गयाप्रसाद (54) वर्षीय अपने घर पर शनिवार की रात लगभग 10 बजे सोने के लिए कमरे मे गया जो करेंट की चपेट मे आ गया जिससे मौके पर मौत हो गई करेंट से चिपका देख परिजनों मे चीख पुकार मच गया किसी तरह बिजली बन्द करके शव को बाहर किया और परिजन लोग आनन फानन मे रात को ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल के साथ कन्हैया लाल को सीएचसी कुंडा ले गये जंहा चिकित्सको ने कन्हैया को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान किंयावा राजकुमार पटेल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# राम सेना ने क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ।** सनातन धर्म रक्षा परिषद राम सेना ने पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सावन माह के पवित्र महीने में रोड के किनारे मंदिर व स्कूल के किनारे चैराहों पर मीट, मछली, मुर्गा, अंडे की दुकानों को संचालित किया जा रहा है, उसे हटाकर कहीं एकांत जगह में खोला जाए। बता दें कि वर्तमान समय में भगवान भोलेनाथ का पावन महीना सावन लग चुका है।

इसमें हजारों की संख्या में कांवड़ यात्रा में लेकर जाने वाले श्रद्धालु जल भरकर बाबा बेलखननाथ धाम मंदिर के लिए जाते हैं। विधानसभा पट्टी में चारों तरफ खुले में मीट काटा जा रहा है और बेचा जा रहा है उन सभी दुकानों को बंद करने या किसी एकांत जगह पर जाकर अपनी दुकान चैराहों से हटाकर कहीं खोले ताकि कावड़ यात्रा ले जाने वाले भक्तों के साथ आम जनमानस को हो रही असुविधा


क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपते राम सेना के पदाधिकारी।

से निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी बिंन्देश्वरी प्रसाद पाठक उर्फ बिंदु पाठक, प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्र, श्रवण कुमार मिश्र समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मादक पदार्थो की बिक्री के सवाल पर भड़के आबकारी इंस्पेक्टर कुंडा

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** अपनी ड्यूटी से समझौता करने वाले अधिकारी से अगर उसके कर्तव्य से सम्बन्धित बात की जाए तो अक्सर ऐसे सरकारी मुलाजिम ताव मे बात करने लगते है। ऐसा ही एक मामला कुण्डा मे आया जब जिला आबकारी अधिकारी से मिलने पहुचे जब एक पत्रकार ने जब इंस्पेक्टर कुण्डा से मादक पदार्थो पर बिक्री से सम्बन्धित एक सवाल पूछ लिया, फिर क्या था आबकारी इंस्पेकर कुण्डा भड़क गये और बोले कि जिसको जो करना है कर ले, मै तो ऐसे ही कार्य करूंगा। इंस्पेकटर कुण्डा के इस बर्ताव से जिला आबकारी अधिकारी भौचक रह गये। आखिर एक इंस्पेक्टर अपने जिला अधिकारी के सामने इतना बरबोला कैसे हो सकता है।

# स्मार्ट फोन टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे


मुख्यतिथि के साथ कालेज के स्टॉफ व छात्र छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पी. जी. कॉलेज कालाकांकर में शनिवार को कामन हाल मे स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ स इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप मे खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव एवं ए डीओ पंचायत व्यास कुमार मौर्य रहे। यह टैबलेट वितरण कार्यक्रम परास्नातक विद्यार्थियों के लिए था। जिसमें प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विवि के 140 तथा उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन विवि के 15 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए भविष्य में तकनीकी के लाभ प्राप्त करने हेतु इस योजना की प्रासंगिकता पर बल दिया। बीडीओ कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी छात्र छात्राओं को मिले यही हम सब का प्रयास है। सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना किया।

# उच्चशिक्षा के परिवेश को मजबूत बनाने में गिरिजाशंकर का योगदान अतुलनीयः एसडीएम

## तहसील सभागार में मनाई गई शिक्षाविद् की समारोह पूर्वक पुण्यतिथि

**अधिवक्ताओं व प्रबुद्ध जनों ने स्मृति को किया नमन**

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को एचएन बहुगुणा पीजी कालेज के हिन्दी विभागध्यक्ष रहे शिक्षाविद् प्रोफेसर गिरिजाशंकर शुक्ल की उन्नसवीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने प्रोफेसर शुक्ल के चित्र पर मार्ल्यापण व दीप प्रज्जवल कर किया।

अधिवक्ता अनूप पाण्डेय व पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद पाण्डेय ने भावगीत से प्रो. शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कनिष्ठ पुत्र एवं पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने गिरिजाशंकर शुक्ल के जीवन दर्शन का वर्णन किया। बतौर


संगोष्ठी को संबोधित करते लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा।

मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश में शिक्षा के बहुआयामी आयाम की मजबूती में मनीषियों का चिंतन सदैव सार्थक रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजाशंकर शुक्ल जैसे हिन्दी साहित्य के विद्वानों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र को उज्ज्वल भविष्य सौंपा है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रो. गिरिजाशंकर शुक्ल के शैक्षिक मूल्यों को अतुलनीय बताया। नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने साहित्य और शिक्षा को राष्ट्रीय विचारधारा को अग्रणी बनाये रखने में सबसे मजबूत सरोकार कहा। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। संघ के महामंत्री सूर्यकान्त निराला ने कार्यक्रम का संयोजन किया। पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अजय शुक्ल गुड्डू, विपिन शुक्ल, केके सरोज, मो0 अकरम ने प्रो. गिरिजाशंकर के सामाजिक क्षेत्र में योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार मिश्र, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, राकेश तिवारी गुड्डू, संजय सिंह, मुरलीधर तिवारी, कौशल किशोर शुक्ल, नितिन मिश्र, राम प्रकाश प्रजापति आदि रहे।

## सपा में बढ़ा विधायक आरके वर्मा का कद, बनाये गए उप सचेतक

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी ने रानीगंज के विधायक आरके वर्मा का कद बढ़ा दिया है। 28 जुलाई को उन्हें विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने उप सचेतक नियुक्त किया है। माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधायक आरके वर्मा की जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है। विधायक आरके वर्मा ने इस नई जिम्मेदारी के दिये जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, मैं पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मुझे चुना। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से इस जिम्मेदारी को निभाऊंगा। विधायक आरके वर्मा के समर्थकों ने भी इस पर प्रसन्नता जताई है। समर्थकों का मानना है कि वर्मा के पास पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है और इस नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। आरके वर्मा की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण उन्हें पार्टी में यह सम्मानजनक पद दिया गया है। विधायक वर्मा हमेशा से ही जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं और उनके कार्यों की सराहना होती रही है। उप सचेतक के रूप में विधायक वर्मा के सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी। पार्टी के अनुशासन और नीतियों को विधानसभा में मजबूती से प्रस्तुत करना उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही, उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए भी निरंतर कार्य करना होगा।


सपा विधायक आरके

# बारिश में कच्ची दीवार गिरने से दम्पत्ति समेत 2 बच्चे दबे

## ग्रामीणों ने मलबा हटाकर निकाला बाहर जिला अस्पताल मे घायलों का इलाज जारी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के बधवा रजवार गाव मे वारिश से कच्ची दीवार गिरने से दम्पत्ति सहित उनके 2 बच्चे मलबे मे दब गए। ग्रामीणो ने मदद का हाथ बढ़ा कर घायलो को बाहर निकाला। उन्हे एंबुलेंस के जरिये इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी मे भर्ती कराया है। डॉक्टर सौरभ मिश्रा के मुताबिक, घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्हे डाक्टरी अबजरवेशन मे 24 घंटे रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर नगर पालिका परिषद रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के बधवा रजवार मे राम सवारे पुत्र बाले अपने परिवार के साथ रहता है। परिवार मे पत्नी संगीता व 2 बेटे सनी व मनी है। राम सवारे पेशे से दिहाड़ी मजदूर है। मेहनत मजदूरी कर वह अपने परिवार का गुजर बसर करता है। उसके पास रहने के लिए कच्चा मकान है। जिसमे वह कच्ची मिट्टी की दीवार व छप्पर डाल कर रहता था। हाल मे ही उसे प्रधानमंत्री आवास की सुविधा मिली है। जिसमे निर्माण का काम चल रहा है। रविवार की सुबह संगीता परिवार के लिए खाना बना रही थी। बच्चे व पति रसोई के पास बैठ कर खाने की थाली का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच छप्परनुमा घर की दीवाल अचानक गिर पड़ी। तेज आवाज व चीख पुकार सुन कर गाव के अन्य लोगो ने परिवार को दीवार के मलबे से निकालने की कोशिस शुरू की। ग्रामीणों ने राम सवारे व उसके परिवार को सकुशल मलबे से बाहर निकाला। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के जरिये घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड मे भर्ती कराया। अस्पताल मे डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ ने इलाज शुरू किया। डॉ सौरभ मिश्रा के मुताबिक घायलो को सिर हाथ पैर व पसलियों के चोट लगी है। घायल पति पत्नी व उसके एक बच्चे को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया है। एक अन्य बच्चे की हालत प्राथमिक उपचार के बाद ठीक होने पर उसे घर भेजा गया है शेष 3 लोगों का इलाज किया जा रहा है। मरीजो की हालत स्थिर है। अभी उन्हे 24 घंटे डाक्टरी अबजरवेशन मे रखा जाएगा।

# सपा सरकार में बिक गया 50 करोड़ कीमत का भीटी का सरकारी भीटा टीला

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर 28 बीघा सरकारी जमीन भीटा टीला की मिट्टी खोदकर भू माफिया ने कब्जा कर बना लिया भवन

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीन किसी भी सरकार के कार्यकाल में सुरक्षित नहीं रह गई है अधिकारियों की साठगांठ से भूमाफिया बेखौफ होकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और अधिकारी तमाशा देख रहे हैं इसी तरह का एक मामला चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीटी का सामने आया है जहां राष्ट्रीय राजमार्ग के दक्षिण साइट पर सड़क के किनारे बेस कीमती भीटा टीला की 28 बीघे सरकारी जमीन अभिलेखों में दर्ज थी इस पर मिट्टी का ढेर लगा हुआ था सरकारी अभिलेखों में हेरा फेरी कर राजस्व अधिकारियों के संलिप्तता से भू माफियाओ ने सरकारी भीटा टीला की 28 बीघा वेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया है अभिलेखों में हेरा फेरी के बाद सरकारी भीटा टीला की जमीन पर भू माफियाओं के नाम भी गलत तरीके से दर्ज हो गयी है जिससे वह भीटा टीला की जमीन के मालिक बन गए हैं और भीटा टीला की मिट्टी खोदकर बेच ली गई है और उसके बाद भीटा टीला की 28 बीघा सरकारी जमीन पर चारों तरफ दीवार कराकर भवन बना दिया गया है। सरकारी जमीन कब्जा के मामले में तहसील के अधिकारी तमाशबीन बने सब कुछ देखते रह गए हैं बताया जाता है कि भीटा टीला की 28 बीघा सरकारी जमीन की कीमत वर्तमान में 50 करोड रुपए से अधिक की है समाजवादी की सरकार से लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार तक कई बार लोगों ने सरकारी जमीन के अभिलेखों में हेरा फेरी कर कब्जा किए जाने के मामले की शिकायत की मामले की जांच हुई लेकिन राजस्व अधिकारियों के साठगांठ के चलते मामले में लीपापोती होती रही सरकारी भीटा टीला की 28 बीघा जमीन के अभिलेखों में हेरा फेरी कर भू माफियाओ के इस कब्जे के मामले में यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो कई चेहरे बेनकाब होंगे और सरकारी संपत्ति बचाई जा सकती है मामले में तहसील के अधिकारियों की संलिप्तता उजागर होगी और कई अधिकारी दंडित भी होंगे लेकिन क्या सरकारी संपत्ति बचाने में निष्पक्ष तरीके से जांच हो पाएगी या सब कुछ लीपा पोती होती रहेगी।

## न्यूज झरोखा

### 251 कावडियों को वस्त्र व महिलाओं को गमछा खाने पीने की सामग्री मुस्कान मौसी ने किया वितरण



**कोखराज कौशाम्बी।** बाबा बैजनाथ धाम जा रहे शिव भक्त कांवरियों को मुस्कान मौसी ने गमछा खाने पीने की सामग्री के एवं वस्त्र वितरण किया है करारी चौराहे पर रविवार को मुस्कान मौसी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया और करारी कस्बे पर पहुंचे 251 कावड़ियों को उनका हौसला बढ़ाते हुए गमछा वस्त्र और खाने-पीने की सामग्री देकर उन्हें बाबा धाम के लिए रवाना किया गया है बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष जिले से कई हजार लोग बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए जाते हैं बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले शिव भक्त कांवरियों का भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाता है।

### फोटोग्राफरों को दी गई तकनीकी जानकारी



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** फोटोग्राफर्स एसोशियेशान उत्तर प्रदेश की कौशांबी इकाई द्वारा रविवार को मंझनपुर के एक गेस्ट हाउस में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें जनपद में गठित असोशियेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रयागराज मंडल राजीव कपूर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पैनासोनिक कंपनी के मेंटार आकाश गुप्ता ने फोटोग्राफी और कैमरा के तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया एवं होने वाली समस्याओं को निराकरण करना बताया। इसके बाद सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया और 6 से 8 सितंबर तक लखनऊ में होने वाली कार्यशाला में प्रतिभाग करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में योगेंद्र कुशवाहा, आशीष सिंह, मनोज सिंह, अभिषेक कुशवाहा, अजय अग्रहरी रामबाबू श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में घायल गौवंश सड़क पर तड़प रहा है



**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीटी देह माफी के पास जीटी रोड पर भैरो बाबा की मंदिर के थोड़ा आगे किसी अज्ञात वाहन से टक्कर खा कर मरण सन्न स्थिति में तड़पता हुआ एक गौ वंश का सांड जीटी रोड के किनारे पड़ा हुआ है। गोवंश को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक फरार हो गया है आते-जाते लोग देख रहे हैं लेकिन किसी ने गोवंश की मदद को हाथ नहीं बढ़ाया है पशु पालन विभाग के अधिकारी भी तड़पते गोवंश को अस्पताल नहीं पहुंचा सके हैं घटना को कई घंटे बीत चुके हैं किसी भी गौ रक्षक और शासन प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों को यह स्थिति दिखाई नहीं दें रही है जबकि मेन रोड पर सांड पड़े पड़े तड़प रहा है।

### लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने ज्ञान सिंह पाल



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष राम मूरत यादव और प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार कश्यप के निर्देशन में कौशांबी जिले में रविवार को संपन्न हुआ है लेखपाल संघ के दो वर्षीय चुनाव में कौशांबी जिले से ज्ञान सिंह पाल अध्यक्ष बसंत कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार पांडे कनिष्ठ उपाध्यक्ष ज्वाला सिंह यादव जिला मंत्री पदमेश कुमार शुक्ला उप मंत्री विपिन साहू कोषाध्यक्ष अमित जायसवाल ऑडिटर सर्व सम्मति से चुने गए हैं चुनाव संपन्न होने के बाद पदाधिकारी लेखपाल को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है और उनसे उम्मीद जताई गई है कि वह सरकार के नियमों के अंतर्गत रहते हुए लेखपाल के हित में काम

# घर से बिना बताए कहीं चली गई कलेक्टर की पत्नी

## परिजनो ने पुलिस को दी सूचना, किसी को मिले तो दे सूचना

**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 20 केशव नगर नया बाजार निवासी कमला केसरवानी पत्नी प्रेम नारायण केसरवानी उर्फ कलेक्टर कल सुबह लगभग 9 बजे मैक्सी पहने हुए बिना किसी को बताए कही चली गई है। परिजनो को इसकी जानकारी हुई तो सभी लोग उनको खोजने में लग गए,देर रात तक खोजने के बाद जब कमला केसरवानी नही मिली,वह मानसिक रूप से बीमार रहती है,और पिछले कई सालों से उनका मानसिक इलाज चल रहा है। परिजनो ने इसकी जानकारी कोखराज थाना पुलिस से की है,उनके परिजनो ने लोगो से अपील की है कि यदि किसी को यह मिले तो निम्न नंबरी पर इसकी जानकारी अवश्य दे।

# तकीपुर गांव में उल्टी दस्त व बुखार के चलते दो की मौत

**अखंड भारत संदेश**

## दर्जन भर से ज्यादा लोग बीमार



**कौशाम्बी।** जिले के सिराथू तहसील क्षेत्र के राला ग्राम सभा के मजरा तकीपुर गांव के लोग इन दिनों उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित है। जिसके चलते गाँव में एक हफ्ते में एक मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई है,वही गाँव के दर्जन भर से ज्यादा लोग इस गम्भीर बीमारी से पीड़ित है। गाँव के लोग गाँव में ही झोला छाप डाक्टर के साथ -साथ आसपास के प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे है। सिराथू तहसील क्षेत्र के राला ग्राम सभा के मजरा तकीपुर गांव के लोग इन दिनों उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित है। गांव के लोगों की माने तो बीते हफ्ते भर पहले तकीपुर गाँव के ही रमेश रैदास की पांच वर्ष की बेटी परी की उल्टी, दस्त व बुखार से मौत हो गयी थी। इसके साथ ही गाँव के लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोग अभी भी इस गम्भीर बीमारी? से परेशान है। शनिवार को भी गाँव के सुभाष उम्र 20 वर्ष पुत्र रामभवन की भी उल्टी, दस्त व बुखार के चलते मौत हो गयी। शनिवार की दोपहर को परिजनों ने संदीपन घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। गाँव के लोगों का कहना है कि पूरे गाँव में गंदगी का अम्बार है। साथ ही भीषण गर्मी के चलते पीने की पानी की समस्या है। ग्रामीणों की समस्या पर ग्राम सभा का प्रधान बिल्कुल ध्यान नही देता है। इसके साथ ही गाँव में एक दूकान डालकर बैठे झोलाछाप डाक्टर से गाँव के लोग इलाज करा रहे है। गाँव सरकारी स्वास्थ्य विभाग से फिलहाल अभी कोई टीम जांच को नही पहुंची है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।


## हफ्ते भर में दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**कौशाम्बी।** जिले के सिराथू तहसील क्षेत्र के तकीपुर गाँव में हफ्ते भर में दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया, जिला स्वास्थ्य विभाग सहित सिराथू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों की टीम जांच को गाँव पहुंची और गाँव में पानी का सैंपल सहित लोगों के ब्लड सैंपल भी लिये। डिप्टी सीएमओ डा. सुनील सिंह ने नेतृत्व में डा. मुक्तेश्वर द्विवेदी, डिप्टी डेमोलाजिस्ट डा. अभिषेक,गजेंद्र त्यागी सहित सिराथू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम तकीपुर जांच को पहुंची। और लोगो का इलाज किया। डिप्टी सीएमओ डा. सुनील सिंह ने बताया कि जांच के दौरान डायरिया जैसी कोई चीज नही मिली है। क्योंकि डायरिया होता तो एक ही परिवार के कई लोगों को होता। फिलहाल पानी का सैम्पल टीम द्वारा लिया गया है। अभी तक जांच में गाँव में कुल तीन लोग गम्भीर बीमार मिले है जिसमें से दो लोग घर आ चुके है और एक लोगों का नवजीवन अस्पताल में इलाज चल रहा है बात हुई है वह भी सही है।एक दो दिन में वो भी डिस्चार्ज होकर घर आ जायेंगे।उन्होंने गांव के लोगो से अपील की है कि वह लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे,पानी को उबालकर ही पिए जिससे बीमारी का खतरा कम रहता है।

# सामने सम्मान करने वाले कानून गो और पुलिस एसडीएम के आदेश की उड़ा रहे हैं धज्जियां

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले की कानून व्यवस्था में अंधेर गर्दी चौपट राजा की तरह सब कुछ चल रहा है बड़े अधिकारी के आदेश का पालन छोटे कर्मचारी करने को तैयार नहीं है जिससे बिगड़ती कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है पिपरी थाना के तिलगोड़ी गांव मे आराजी संख्या 410 रकबा हे०0,0220 जमीन को राकेश केशरवानी पुत्र प्रेमलाल ने 2014 मे बिजय केशरवानी निवासी बेगम बाजार से खरीदा था यह जमीन विक्रेता के नाम सरकारी अभिलेखों में दर्ज थी तिलगोड़ी गांव निवासी शत्रुघन यादव पुत्र बुलाकी जबरन राकेश की जमीन को कब्जा कर मकान बनवा रहे है जबकि इस जमीन से शत्रुघन यादव का कोई वास्ता नहीं है लेकिन उसके बाद कानूनगो और पुलिस शत्रुघ्न का समर्थन करने पर उतारू है राकेश का आरोप है कि दबंग से मोटी रकम लेकर कानूनगो व पिपरी पुलिस एसडीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए जमीन कब्जा करवा रहे हैं चायल तहसील मे मुकदमा दाखिल है सुनवाई के दौरान अदालत ने स्थगन आदेश भी पारित किया है लेकिम स्टे के बावजूद कानूनगो और पुलिस जबरिया जमीन कब्जा कराने पर उतावली है आखिर कानूनगो और पुलिस का क्या निजी स्वार्थ छिपा है जिससे वह कानून के विरोध में कब्जा कराने में उतावली दिख रही है सामने पहुंचने पर एसडीएम का सम्मान करने वाले उनके अधीनस्थ कानूनगो और थाना पुलिस पीठ पीछे एसडीएम के आदेश की जिस तरह से अवहेलना कर अपमान कर रही है इससे इन कर्मचारियों और पुलिस जनों की मनसा का अंदाजा लगाया जा सकता है अपने अधिकारी के आदेश के अवहेलना करने वाले इन राजस्व कानूनगो और पुलिस के कारनामे पर इन्हें कठोर दंड दिए जाने की जरूरत है जिससे इन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा सके और यह कानून का पालन करना सीख सके लेकिन क्या एसडीएम अपने आदेश की अवहेलना करने वाले कानूनगो और पुलिस पर कड़ी कार्यवाही करेंगे या सब कुछ अंधेरगर्दी चौपट राजा की तरह कौशांबी में चलता रहेगा।

**अपने आदेश की अवहेलना करने वाले कानूनगो और पुलिस पर एसडीएम कड़ी कार्यवाही करेंगे या सब कुछ अंधेरगर्दी चौपट राजा की तरह कौशांबी में चलता रहेगा**



आदेश पत्रक
न्यायालय : उपजिलाधिकारी (तहसील स्तर) न्यायिक
मण्डल : प्रयागराज, जनपद : कौशाम्बी, तहसील : चायल
वाद संख्या :- 420/2024
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :- T202404220500420
रीकेश कुमार बनाम मोहन लाल आदि
अंतर्गत धारा :- 116, अधिनियम :- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006

02.07.2024- वादी द्वारा प्रस्तुत अस्थायी निषेधाज्ञा पर सुना गया। वादी द्वारा मौजा तिलगोड़ी परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी में स्थित आराजी संख्या 407 रकबा 0.0290हे0, आराजी संख्या 410 रकबा 0.0220हे0 भूमि पर अस्थायी निषेधाज्ञा विषयक अनुरोध औचित्यपूर्ण पाया गया।

अतः उभयपक्ष अग्रिम सुनवाई तिथि तक वाद ग्रस्त आराजी संख्या 407 रकबा 0.0290हे0 व आराजी संख्या 410 रकबा 0.0220हे0 पर किसी प्रकार का नवैयत परिवर्तन / निर्माण कार्य न करें। पत्रावली दिनांक 15.07.2024 को प्रस्तुत हो।

उप जिलाधिकारी (न्यायिक)
चायल कौशाम्बी।

# फर्जी आईडी पर रेल ई टिकट बनाकर बेचने वाले युवक को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में आईआर सीटीसी की फर्जी आईडी बनाकर और उन आईडी पर रेलवे की ई टिकट बनाकर बेचने वाले युवक को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है,रेलवे पुलिस ने आरोपी के पास से कई ई टिकट भी बरामद किया है। सीनियर कमांडेंट आरपीएफ प्रयागराज के निर्देशन में रेलवे ई-टिकट की काला बाजारी करने वाले कौसर रजा सहज जन सेवा केंद्र दरिया पुर चौराहा के संचालक कौसर रजा पुत्र तस्लीम रजा निवासी ग्राम- अड़हरा थाना- करारी को फर्जी आई. डी. पर तत्काल व सामान्य टिकट बनाकर बेचने के आरोप साबित होने पर गिरफ्तार कर चालान किया है। आरोपी के पास से 11656/20 मूल्य के पांच टिकट बरामद हुए हैं।

# दिव्यांगजन वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजनों की सहायता के लिए राज्य निधि से चार मदों में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाना है। दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन के लिए धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराया जाना हैं। दिव्यांगजन जिनका खेल/ ललित कला/ संगीत/ नृत्य/ फिल्म/ थियेटर/ साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने तथा खेल आयोजन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जायेंगा। दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलिसिमियां, प्लास्टिक एनिमियां, बहुस्केलोरोसि से ग्रसित हो तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाना हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजन जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं वे अपने आवेदन जिला दिव्यांगजन सशक्ती करण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्ती करण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन, भू-तल, मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकतें हैं।

### बदहाल गौशाला व्यवस्था पर बिफरा विश्व हिंदू परिषद



**कौशाम्बी** जिले की बदहाल गौशालाओं की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बिखर पड़े। उन्होंने विकास भवन पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर जिले की गौशालाओं की व्यवस्था ठीक करने की मांग करते हुए कहा कि यह व्यवस्था 15 दिनों में ठीक नहीं हुई तो फिर विश्व हिंदू परिषद सड़क पर उतरकर गौ माता की रक्षा के लिए प्रदर्शन करेगा। इसका जिम्मेदार पूरी तरह से जिला प्रशासन होगा। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण ने मुख्य विकास अधिकारी से बात करते हुए कहा कि जिले में गौशालाओं की व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जिसमें पशुपालन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी सबसे बड़ा कारण है। इस मौके पर संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी में प्रशासनिक अधिकारियों से बात करते हुए कहा कि यह व्यवस्था 15 दिनों के अंदर ठीक हो जानी चाहिए नहीं तो विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को खुद सड़क पर उतर के इस व्यवस्था को ठीक करने के लिए काम करना होगा। सभी कार्यकताओं ने गौशालाओं की खराब व्यवस्था के लिए जिले के पशुपालन से जुड़े अधिकारियों की भ्रष्टाचार और अनदेखी का नतीजा बताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिवम पांडे, दीपक मौर्य, पुष्पेंद्र पांडे, विनोद लोधी, अंकित दिवाकर, सर्वेश पटेल, पप्पू मौरिया, हनुमान सिंह, अवधेश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाई कोर्ट के निर्देश पर सीज किए गए कथित नर्सिंग होम में बोर्ड बदलकर फिर शुरू हुआ इलाज

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन मानक विहीन चल रहे अस्पतालो और क्लीनिक के संचालन में लगातार स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी बनी है जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पाता और उनसे इलाज के नाम पर बड़ी रकम वसूल करके उन्हें जिंदगी के बजाय इस तरह के नर्सिंग होम मौत बांट रहे हैं हाई कोर्ट के निर्देश पर आदर्श पाली क्लीनिक को डिप्टी सीएमओ ने सीज करके अस्पताल को बंद कर दिया था लेकिन उसके बाद अस्पताल का बोर्ड बदलकर ग्रीन आदर्श पाली क्लीनिक करके मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और हाई कोर्ट को गुमराह कर फिर संचालन शुरू हो गया है इस अस्पताल में डॉक्टर वही है कंपाउंडर नर्स और कर्मचारी सब वही है केवल बोर्ड बदल जाने से क्या अस्पताल संचालकों के गुनाह माफ हो गए हैं जिससे एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग पर बड़े सवाल खड़े हो गए इसके बावजूद तमाम ऐसे क्लीनिक और अस्पताल आज भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो कर्मचारियों की शह पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे है। इतना ही नहीं जिन अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग सीज कर रहा है उन अस्पतालों को खोलकर फिर अस्पतालों का संचालन शुरू हो जाता है केवल अस्पताल को सीज करने का नाटक स्वास्थ्य विभाग कर रहा है गलत अस्पतालों के संचालन में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार करोड़ो की वसूली कर रहे हैं जिससे मरीजों की जिंदगी पर संकट आ रहा है कोखराज थाना के पास बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे आदर्श पाली क्लीनिक को 1 अप्रैल 2024 को हाई कोर्ट के निर्देश के बाद डिप्टी सीएमओ डाक्टर हिंद प्रकाश मणि ने अपनी टीम के साथ अस्पताल की जांच के बाद बिना रजिस्ट्रेशन व मानक विहीन चल रहे क्लीनिक को सीज कर दिया था और नोटिस चस्पा कर दिया लेकिन कुछ महीने ही बीते की अस्पताल का बोर्ड बदल दिया गया ग्रीन आदर्श पाली क्लीनिक हो गया चिकित्सक नर्स कंपाउंडर वही है और अस्पताल का संचालन फिर शुरू है जिससे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि अवैध अस्पतालों के संचालक को रोकने के बजाय अधिकारियों को विभाग गुमराह कर रहा है यहां तक की हाईकोर्ट द्वारा रिट याचिका पर दिए गए निर्देश के बाद भी लुकाछिपी का खेल स्वास्थ्य अधिकारी खेल रहे हैं।

**बिना रजिस्ट्रेशन मानक विहीन चल रहे आदर्श पॉली क्लीनिक को 01 अप्रैल को डिप्टी सीएमओ ने किया था सीज, अवैध अस्पताल संचालकों से लुका छुपी का खेल खेलने में लगे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी**




# ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के ग्राम तुलसीपुर में जिला पंचायत से बन रही सड़क के सुस्त निर्माण कार्य से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने आवाज उठाई है। ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण के अधूरे कार्य को जल्द पूरा किए जाने एवं दोषी ठेकेदार पर कार्यवाही करने की जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह से मांग की है। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह से मुलाकात कर अपने वार्ड अंतर्गत तुलसीपुर गांव में जिला पंचायत द्वारा बनाई जा रही सड़क के सुस्त निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में तुलसीपुर गांव की निमार्णाधीन सड़क को तत्काल पूर्ण कराने की मांग की। इस संबंध में अजय सोनी का कहना था कि ठेकेदार द्वारा एक साल पूर्व तुलसीपुर गांव में उदहिन फत्तेपुर बेला मार्ग से करारी माइनर नहर के पुल तक नए संपर्क मार्ग बनाए जाने हेतु गिट्टी डलवाई गई थी। तब से उक्त गांव के मुख्य मार्ग में गिट्टियां डलवाकर ठेकेदार गायब हो गया। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत होती आ रही है। ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कई बार जिला पंचायत के जिमेदारों से शिकायत की और 6 जनवरी की जिला पंचायत की बैठक में भी यह मामला उठाया था। परंतु आज तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा नही कराया गया। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार अजय सोनी से की जाती रही है। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में तत्काल तुलसीपुर गांव में अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। साथ ही जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में शामिल करने की भी मांग की। अजय सोनी का कहना था कि ग्रामीणों को उक्त मार्ग से आवागमन करने में परेशानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह ने जल्द ही निर्माण पूरा कराने का अजय सोनी को आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जवाहर लाल पटेल, अरुण चौधरी, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



**निर्माणधीन सड़क के रुके काम को जल्द पूरा किए जाने को लेकर जि पं सदस्य ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन**

### पत्रकारों ने 2 मिनट मौन रहकर व्यक्त किया शोक

**तिल्हापुर कौशाम्बी** रणविजय पत्रकार के पिता केदारनाथ सिंह पूर्व प्रधान के 23 जुलाई को निधन पर 28 जुलाई को पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की है इस मौके पर दर्जनों पत्रकार उपस्थित हुए हैं वॉइस ऑफ हिंदुस्तान न्यूज के पत्रकार रणविजय के पिता केदार सिंह पूर्व प्रधान का स्वर्गवास दिनांक 23 जुलाई हो गया है जानकारी मिलने पर पत्रकारों ने शोक प्रकट करते हुए 2 मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना किया कि उनकी आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति हो इस मौके पर उमाकांत पांडे, मदन कुमार केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, कमलेश शर्मा ,संजीव चौरसिया, संतोष केसरी, शिव बाबू केसरवानी ,संदीप खालसा, युवराज सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# कांवड़ों के लिए पदेर्दारी का मतलब

भारत के नीति आयोग की नौवीं बैठक से बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी के बहिष्कार की बात करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कांवड़ यात्रियों के लिए यूपी में की जा रही पदेर्दारी की बात करना जरूरी है। यूपी की सरकार और जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर श्रवणकुमार से भी ज्यादा संवेदनशील नजर आ रही है। यूपी के योगी बाबा की सरकार की नौकरशाही ने हरिद्वार में कांवड़ यात्राओं के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को सफेद कपडे से ढंकने की कोशिश की है। परदे मस्जिदों पर तो नहीं लगे लेकिन उन्हें छिपाने की कोशिश जरूर की गयी।

देश का पहला कावंड यात्री कौन था इसका कोई अभिलेख नहीं है, क्योंकि जब देश में जब पहला कांवड़ यात्री घर से बाहर निकला था तब बाबा की सरकार नहीं थी।

हम लोगों के मन-मष्तिष्क पर पहले कांवड़ यात्री के रूप में श्रवण कुमार का नाम दर्ज है। वे अपने दिव्यांग माँ-बापू को कांवड़ पर लादकर तीर्थ यात्रा करने निकले थे। त्रेता में रघुवंश के तत्कालीन राजा दशरथ के तीर से उनकी मौत हो गयी थी। मुमिकन है कि वर्तमान की कांवड़ यात्रा इसी किंवदंती से प्रेरित हो ? कांवड़ यात्रा को लेकर एक किंवदंती और है। कहते हैं की कांवड़ यात्रा का संबंध दूध के सागर के मंथन से है। जब अमृत से पहले विष निकला और दुनिया उसकी गर्मी से जलने लगी, तो शिव ने विष को अपने अंदर ले लिया। लेकिन, इसे अंदर लेने के बाद वे विष की नकारात्मक ऊर्जा से पीड़ित होने लगे। त्रेता युग में, शिव के भक्त रावण ने कांवड़ का उपयोग करके गंगा का पवित्र जल लाया और इसे पुरा महादेव में शिव के मंदिर पर डाला। इस प्रकार शिव को विष की नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिली।

आजकल कांवड़िये अपने माँ-बाप को कांवड़ में बैठकर चलने के लायक तो हैं नहीं सो सांकेतिक रूप से गंगाजल भर कर लाते-ले जाते हैं। वे रावण की तरह शिव को शांत करना चाहते हैं। अतीत में लोग चुपचाप कांवड़ यात्रा पर जाते थे, वर्तमान में ढोल बजाकर जाते हैं। सरकार कांवड़ यात्रियों का स्वागत करती हैं। हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कराती है। कांवड़ियों के रास्ते में लगे बाजारों में दुकानों, ठेलो पर दुकानदारों की नेम प्लेट्स लगवाती है और अब तो रस्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को अदृश्य करने के लिए सफेद कपडे की कनातें लगाने लगी है।

मुझे लगता है कि ये सब करने की प्रेरणा सरकार और नौकरशाहों को भोले बाबा देते होंगे। यदि ये बात गलत है तो फिर तय है कि ये सब बाबा के दिमाग की उपज होगी। कनातें लगाने से कांवड़ यात्रा अशुद्ध नहीं होगी इसकी क्या गारंटी है ? कांवड़िये श्रवण कुमार नहीं है। वे उन्माद से भरे है। चिलम फूंकते हैं। तोड़फोड़ करते हैं। प्रशासन कांवड़ियों के रास्ते में पड़ने वाली शराब की दुकानों पर पर्दा नहीं डालता क्योंकि शराब की दुकाने देखकर कांवड़ियों का मन नहीं डोलता लेकिन मस्जिद देखकर डोल सकता है। मन होता ही डांवांडोल होने के लिए है। कनावड़ियों का मन नहीं डोला तो प्रशासन का मन डोल गया। ये बात और है कि हरिद्वार प्रशासन ने कुछ ही देर में ज्ञानचक्षु खुलनेपर ये कनातें हटा लीं।

यूपी प्रशासन ने मुजफ्फरनगर और हरिद्वार में तो कांवड़ियों को विचलित होने से रोक लिया लेकिन मेरठ में कांवड़ियों ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया और एक कार का कचूमर लगा दिया। आरोप है की दिल्ली रोड पर मेरठ साउथ स्टेशन के नीचे आराम कर रहे गाजियाबाद निवासी शिवभक्त मोहित की कांवड़ पर शनिवार शाम को मेट्रो के कर्मचारी ने गुटखा खाकर थूक दिया। जिसे कांवड़ियों ने देखा लिया और कांवड़ खंडित करने का आरोप लगा हंगामा किया। बेचारी कार का इसमें कोई दोष नहीं था।

आप यकीन कीजिये की मेरी भी हसरत थी की मै एक बार कांवड़ लेकर निकलूं, लेकिन कांवड़ियों का लोक-व्यवहार देखकर मैंने अपना मन समझा लिया।

यूपी की सरकार को भी अपना मन समझा लेना चाहिए। उसे केवल कानून और व्यवस्था के लिए अपनी ऊर्जा खर्च करना चाहिए न की कांवड़ियों की सेवा कर पुण्य कमाने के लिए। मुश्किल ये है की न सरकार मानती है और न यूपी की नौकरशाही। दोनों पुण्य कमाने पर आमादा हैं। देश में सरकारें जब तक अपने आपको धर्म-कर्म से मुक्त नहीं करेंगी, समस्याएं बरकरार रहेंगीं। देश में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा करना ही सबसे बड़ा मुद्दा नहीं है। मुद्दे और हैं, जिन्हें इस कांवड़ यात्रा के बहाने छिपाया जा रहा है। संसद में जिन मुद्दों पर बहस होना चाहिए वो नहीं हो रही है। नीति आयोग में ठकुरसुहाती को मौका दिया जा रहा है लेकिन सबका साथ, सबका विकास का सूत्र छोड़ दिया गया है। नीति आयोग की बैठक में आधा दर्जन से अधिक राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आये लेकिन बैठक हो गयी, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तो बैठक में थे। बैठक इन्हीं के लिए तो आयोजित की गयी थी। केंद्र सरकार भाजपा शासित रज्यों के अलावा दुसरे मुख्यमंत्रियों को मुख्यमंत्री मानती ही नहीं है।

सवाल ये है कि सरकारें कनातें लगा-लगाकर कितने मुद्दों को जनता कीआँखों से ओझल कर पाएंगी। एक न एक दिन तो सरकारों को असली मुद्दों पर बात करना ही पड़ेगी। ये देश प्रश्नाकुल संस्कृति का देश है। इसलिए प्रश्नों का सम्मान कीजिये,उत्तर दीजिये। उत्तर नहीं है तो उत्तर देने के लिए समय मांगिये,किन्तु यतत्र दीजिये। सवालों की अनदेखी देश के लोकतंत्र को बीमार बना देगी।

## वन क्षेत्र का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है. वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम समूची मानवता आज भुगत रही है. ऐसी स्थिति में कुछ दशकों से पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है. संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आयी है. इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है. संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है. इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है.

वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं. इस रिपोर्ट में नये तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि-वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गयी है. उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है. इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं. स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गयी है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है. जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए कृषि में परिवर्तन के लिए भी पहलें की जा रही हैंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से मिट्टी, जल, वायु तथा वनों के संरक्षण को प्राथमिकता देते आये हैं. उन्होंने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जायेगा. वन क्षेत्रों का विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी. वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं. कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे लगे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आयी है. शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्त्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं. इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्त्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# नयी सरकार में निरंतरता को प्रमुखता

**प्रभु चावला**



बीते लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने निरंतरता के लिए जनादेश दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार का गठन किया. इस परिणाम में थोड़ा बदलाव कर गठबंधन सरकार के लिए जनादेश था. पिछले कुछ हफ्तों में मोदी सरकार के क्रियाकलापों को देखकर लगता है कि निरंतरता बदलाव पर हावी हो गयी है. मंत्रिपरिषद का रंग जरूर बदला है, तौर-तरीकों, संविधान, भारत की रणनीतिक, आर्थिक एवं कूटनीतिक राह में कोई खास अंतर नहीं आया है. भले ही कांग्रेस की राजनीति तीन बार परास्त हुई हो, पर उसके आर्थिक और कूटनीतिक तौर-तरीकों को नयी सरकार में भी गौरवपूर्ण जगह मिली है. नेहरूवादी व्यवस्था से संबंधित अर्थशास्त्रियों को इस सरकार में पहले की अपेक्षा अधिक महत्व दिया गया है.

मसलन, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया, जिसमें सभी पांच पूर्णकालिक सदस्यों- उपाध्यक्ष सुमन बेरी, विजय कुमार सारस्वत, अरविंद विरमानी, रमेश चंद और डॉ वीके पॉल- को फिर से शामिल किया गया है. भाजपा नेताओं के लिए 75 साल की आयु सीमा है, पर यह नियम नीति आयोग में लागू नहीं होता. उपाध्यक्ष का दर्जा कैबिनेट मंत्री के बराबर होता है और शेष सदस्य राज्य मंत्री स्तर के होते हैं. गठबंधन की मजबूरी के कारण कुछ नये कैबिनेट मंत्रियों को सदस्य और आमंत्रित सदस्य बनाया गया है, पर मुख्य टीम पुरानी ही है. बेरी, विरमानी और सारस्वत की उम्र 75 साल से अधिक है. रमेश चंद और पॉल के अलावा बाकी यूपीए सरकार से भी संबद्ध थे तथा सीधे या परोक्ष रूप से आंतरिक संगठनों और रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े थे.

विश्व बैंक से अपना करियर शुरू करने वाले बेरी कांग्रेस व्यवस्था द्वारा बनाये गये अभिजन बहुराष्ट्रीय मेरिटोक्रेसी तंत्र के खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं. वे रिजर्व बैंक के सलाहकार तथा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रह चुके हैं. वे ऊर्जा कंपनी शेल से संबद्ध थे तथा ब्रसेल्स स्थित संस्था ब्रुएगल के फेलो रहे हैं, जिससे कई बड़ी तकनीकी कंपनियां जुड़ी हुई हैं. विरमानी, जिनकी विचारधारा भी उनका अपना करियर है, भी कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर चुके हैं तथा उनका जुड़ाव अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी रहा है. यूपीए शासन में वे एक बार मुख्य आर्थिक सलाहकार भी रहे थे. प्रमुख वैज्ञानिक माने जाने वाले सारस्वत भी यूपीए सरकार में सचिव थे तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से संबद्ध थे।

वे तब विवादों से घिरे रहते थे और एक बार सरकार ने उनकी वित्तीय शक्तियों को सीमित भी कर दिया था. फिर भी मनमोहन सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से नवाजा था. मनमोहन सिंह के निजी सचिव के रूप में काम कर चुके बीवीआर सुब्रमण्यम को आयोग का सीइओ बनाये रखा गया है।

स ा ा ल ा

2014 में भाजपा सरकार के आने के बाद उन्हें नीति आयोग का सदस्य बना दिया गया था. डॉ पॉल और चंद का भाग्य यूपीए के दौर में ऐसा नहीं था. लगभग 70 वर्ष के हो चुके डॉ पॉल एम्स में लगभग एक दशक तक शिशु रोग विभाग के प्रमुख रहे, पर उन्हें निदेशक नहीं बनाया गया. भाजपा सरकार के आने के बाद उन्हें अगस्त 2017 में नीति आयोग का सदस्य बनाया गया. कृषि अर्थशास्त्री चंद आयोग के सबसे कम आयु के सदस्य हैं।

नीति आयोग की प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू बेहद अहम साबित होंगे. बीते एक दशक में परिषद की एक दर्जन से भी कम बैठकें हुई हैं. मोदी की तरह नायडू भी विचारवान व्यक्ति हैं और विशेषज्ञों के सहयोग से वे विकास का वैकल्पिक मॉडल पेश कर सकते हैं, जिससे अधिक निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्यों में वास्तविक विकास तेज होगा. वे अधिकारियों और विदेशों में प्रशिक्षित पेशेवरों को नैरेटिव नहीं गढ़ने देंगे. तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपनी बैठक के लिए तैयार हैं. दो अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ वे मौजूदा नीतियों में अहम बदलाव के लिए दबाव डालेंगे. नीति आयोग के अलावा मोदी ने अपने कार्यालय और कूटनीतिक पदों पर भी निरंतरता जारी रखने का फैसला किया है.

उनके प्रधान सचिव पीके मिश्र और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अपने पदों पर बने रहेंगे. दोनों 75 साल से अधिक के हैं और अपने पदों पर एक दशक से अधिक समय तक बने रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं. ये दोनों मोदी की नीतियों को लागू करने में शानदार ढंग से प्रभावी साबित हुए हैं. पहले विभिन्न पदों पर रहते हुए हुए दोनों वरिष्ठों ने नयी-नयी रणनीतियों के इस्तेमाल के साथ बहुत अच्छे प्रशासनिक कौशल का प्रदर्शन किया था. दोनों को कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा मिला हुआ है।

संवेदनशील मंत्रालयों, जैसे- वित्त, गृह, रक्षा, विदेश और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि, को आवंटित करते समय भी प्रधानमंत्री ने निरंतरता को तरजीह दी है।

इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने सेवानिवृत्त हो रहे विदेश सचिव विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया है. पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पूर्व विदेश सचिव रहे जयशंकर विदेश मंत्रालय को छह वर्षों से संभाल रहे हैं. वे चीन और अमेरिका दोनों जगह राजदूत भी रह चुके हैं. पहले अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं को विदेश मंत्री बनाया जाता था तथा ब्रिटेन या अमेरिका जैसे देशों में कूटनीतिक जिम्मेदारी सौंपी जाती थी।

बीते दो दशकों में इस परिपाटी में बदलाव आया और प्रधानमंत्रियों ने अहम देशों में विदेश सेवा के अधिकारियों को दूत के रूप में नियुक्त करना शुरू किया. क्वात्रा विदेश सेवा के 10वें अधिकारी हैं, जिन्हें एक के बाद एक राजदूत बनाया गया है. अमेरिका में नियुक्त 29 राजदूतों में 10 विदेश सेवा से, तीन प्रशासनिक सेवा से और चार ब्रिटिश शासन द्वारा स्थापित सिविल सर्विस से रहे हैं. ब्रिटेन में कार्यरत अंतिम 14 उच्चायुक्त विदेश सेवा से रहे हैं।आजादी के बाद से वहां 29 उच्चायुक्त नियुक्त हुए हैं, जिनमें आधे विदेश सेवा से थे, जबकि प्रशासनिक सेवा से एक व्यक्ति को उच्चायुक्त बनाया गया है. नौकरशाही में फेर-बदल, नये सलाहकारों की नियुक्ति और विभिन्न संस्थानों में बदलाव लगातार चलने वाली प्रक्रियाएं हैं. एक बात तो एकदम स्पष्ट है- चुनावी नतीजे विचारधारात्मक जुड़ाव को बदल सकते हैं, पर नौकरशाही की प्रमुखता और नीति-निर्धारण पर उसकी पकड़ बरकरार रहेगी. जिन प्रतिभाओं को अभी तक चुना गया है और आगे चुना जायेगा, उनकी वैचारिक और सांस्थानिक पृष्ठभूमि से यही इंगित होता है कि निरंतरता ही मोदी मंत्र है. मामूली बदलाव अपवाद हैं, जो सिद्ध करते हैं कि नियम सही है. बस वे संतोष कर सकते हैं

## कांवड़ : तब और अब के बीच का अंतर

कहा जाता है कि भगवान शिव को जलाभिषेक बहुत प्रिय है. पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय जब विष निकला तो संपूर्ण सृष्टि व्याकुल हो गयी. भगवान शंकर ने स्वयं विष पीकर लोगों को संकट से मुक्त किया. इतना अधिक गरल पान करने से जब शिव भी बेचैन होने लगे, तो कहा जाता है कि शिव जी के परम भक्त रावण ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया, ताकि विष के प्रभाव की तीव्रता कम हो सके. लोक मान्यताओं के अनुसार, आज उस पौराणिक शिवालय की पहचान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में ह्यपूरा महादेवह्न के रूप में की जाती है, जो रावण की ससुराल के निकट है. आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं

जब किसी शिवलिंग पर जलाभिषेक भक्ति प्रदर्शन से अधिक, व्यक्तिगत आस्था का विषय था, तब भी भक्तों द्वारा गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार (उत्तराखंड), अजगैबीनाथ, सुल्तानपुर (भागलपुर, बिहार) से गंगाजल लेकर काशी विश्वनाथ, बैद्यनाथ धाम तथा अन्य छोटे-बड़े स्थानीय शिवालयों में जलाभिषेक करने का रिवाज रहा है. सावन महीने को शिव के साथ जोड़ा जाता है, इसलिए सावन में गंगाजल से जलाभिषेक करने का विशेष रिवाज है. यह मानने के कारण हैं कि यद्यपि कांवड़ यात्रा का चलन कम से कम तीन-चार सौ वर्ष पुराना रहा होगा, किंतु इतने विशाल उत्सव मेले के रूप में मनाने का चलन 25 से 30 वर्ष पुराना होगा. मैं यह अपने अनुभव से कह रहा हूं. लगभग 50 वर्ष पहले की बात है. मैं रामेश्वरम की यात्रा पर था, तो रेलगाड़ी में मेरे एक सहयात्री कोई दंडी स्वामी थे, जो मदुरै से रामेश्वरम जाने वाली गाड़ी में हमारे डिब्बे में आ गये थे।

स्वामी जी ने बताया कि अवकाश प्राप्ति से पहले वे बिहार की किसी अदालत में न्यायाधीश थे. अब गोमुख से गंगाजल लेकर रामेश्वरम शिवलिंग में अभिषेक करेंगे. रामेश्वरम में दर्शनार्थियों की कतार में जब उनकी बारी आयी, तो पुरोहित ने उन्हें स्वयं जल चढ़ाने से मना कर दिया, यह कहकर कि आम दर्शनार्थियों को लिंग तक जाने की अनुमति नहीं है, वे गंगाजली (लोटा) उन्हें दे दें, ह्यमैं आपकी ओर से जल चढ़ा दूंगा.ह्न स्वामी जी का कहना था कि गोमुख से जल लेकर हजारों मील की यात्रा करके मैं आया हूं, अब जब केवल पांच-छह कदम की दूरी रह गयी है, तो यह काम आपको कैसे सौंप सकता हूं. मेरे और मेरे शिव के बीच कोई बिचौलिया नहीं चाहिए. बीच-बचाव के बाद उन्हें इतना निकट आने दिया गया कि वे जल चढ़ा सकें. वर्ष 1960, 70 व 80 के वर्षों में भी दिल्ली, मेरठ, हरिद्वार मार्ग में कांवरियों के इक्का-दुक्का झुंड कहीं मिल जाते थे, परिवहन बिना किसी बाधा के चलता रहता था।

आइए कांवड़, कांवरिया शब्दों की व्युत्पत्ति पर एक दृष्टि डालें. ह्यकांवड़ह्न मूलतः वह बांस है, जिसके दोनों सिरों पर भार ढोने के लिए दो छींके लटके होते हैं. कांवड़ के सिरों पर भार को संतुलित कर बांस को कंधे पर रखकर ढोया जाता है. समूचे उपकरण का नाम कहीं बहंगी भी है, जिसे कांवड़ भी कहा जाता है. कांवरिया का संबंध इसी कांवड़ शब्द से है. कांवड़ की व्युत्पत्ति सत्संग-प्रवचन शैली में तीर-तुक्के मिलाकर अनेक प्रकार से दी जाती है, पर लगता है इसका संबंध संस्कृत के कर्पट, कर्पटिक, कार्पटिक शब्दों से है. संस्कृत में ह्यकर्पटह्न फटा, थेगली लगा कपड़ा है और ह्यकर्पटिकह्न ऐसे कपड़ों वाला. गूदड़ी (कंथा) थेगलियों की ही होती थी जो यात्रियों के लिए जरूरी सामान थी. बहंगी (कांवड़) के सिरों पर लटकते पल्ले भी थेगलियों से मढ़े होते थे।

यात्री/तीर्थयात्री इसीलिए ह्यकार्पटिकह्न कहलाये जो आज कांवड़िये हैं. कांवड़ का संबंध कंधा- कावां से भी हो सकता है. कंधे पर रख कर सामान ले जाने वाले कांवांरथी कहलाये और कांवांरथी से बना कांवरिया. आवश्यक नहीं कि संस्कृत/ प्राकृत भाषा ही मूल हो. अज्ञात व्युत्पत्तिक शब्द ही वस्तुतः देशज होते हैं. मिथिला से शैलेंद्र झा बताते हैं कि कांवड़ और बहंगी दो अलग चीजें हैं. बहंगी बांस को फाड़कर बनाया जाता है. कांवड़ में संपूर्ण बांस का प्रयोग होता है. कांवड़ के बांस के दोनों छोड़ों पर एक-एक बांस की बनी ढक्कनदार टोकरी लटकती थी।

# सरकार की उपलब्धि : हाल से मंडप तक

**@ राकेश अचल**



तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को लगातार परेशान कर रहे विपक्ष को सरकार के बजट पर न सही लेकिन राष्ट्रपति भवन के दो पुराने सभागारों के नाम बदलने के लिए संसद में एक राय होकर बधाई देना चाहिए । राष्ट्रपति भवन का दरबार हाल अब गणतंत्र मंडप और अशोका हाल अब अशोक मंडप कहलायेगा। सरकार के इस फैसले से गणतंत्र भी खुश और चक्रवर्ती सम्राट अशोक भी खुश हो गए होंगे,इसलिए विपक्ष को भी खुश होना चाहिए।

देश और दुनिया लगातार देख रही है कि विपक्ष देश की अठारहवीं संसद में सरकार को चैन की सांस नहीं लेने दे रहा है। बेचारे संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजजू से लेकर लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला ही नहीं बल्कि राज्य सभा के सभापति माननीय जयदीप धनकड़ भी परेशान हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा कि वे विपक्ष को कौन सी मुगलई घुट्टी 555 लेकर पिलायें जिससे विपक्ष खुश नजर आये और सवाल पूछना छोड़कर देश के सीतारामी बजट पर चर्चा करे। आखिर देश की जनता सांसदों को सवाल करने और बहस-मुबाहिसे के लिए ही तो भेजती है। सांसदों को मेजें थपथपाने के लिए तो नहीं चुना जाता।

हमारी सरकार के खाते में तमाम नाकामियों के बावजूद तमाम उपलब्धियां भी हैं। आप बढ़ती हुई बेरोजगारी, मंहगाई और भ्ष्टाचार के साथ राजनीति के समानांतर बजट में भी अदावत के इस्तेमाल को यदि सरकार की उपलब्धि नहीं मानते तो ये आपकी तंगदिली है। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में जो किया वो पिछली सरकारें साठ साल में नहीं कर पायीं। भले ही पिछली सरकारें कांग्रेस की हों या भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधनों की। सरकार ने देश का परिदृश्य बदला हो या न बदला हो लेकिन कानूनों ,शहरों,स्टेशनों ,सड़कों,संस्थानों ,पाठ्यक्रमों और इमारतों के ही नहीं बल्कि अब तो राष्ट्रपति भवन के कक्षों के नाम तक बदलकर दिखा दिए। ये कोई छोटी -मोटी उपलब्धि है ? सरकार लगातार देश को उसकी खोई हुई,छीनी हुई संस्कृति और वैभव वापस कर रही है।

देश की तकदीर बदलने में अरबों-खरबों मुद्रा की जरूरत पड़ती है । इसके लिए विदेशों से ,विदेशी बैंकों से कर्ज लेना पड़ता है। इस वजह से विकास पर कम ब्याज पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। लेकिन नाम बदलने पर फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं होती और काम हो जाता है। अलाहबाद प्रयाग हो जाता है ,फैजाबाद अयोध्या हो जाती है ,हबीबगंज रानी कमलापति रेलवे स्टेशन हो जाता है ,मुगलसराय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन हो जाता है। आप का पता नहीं लेकिन मै तो अपनी सरकार की इन उपलब्धियों पर लट्टू हूँ।

मुझे भी सरकार की तरह विपक्ष की बालक बुद्धि पर तरस आता है कि वो कहाँ ' नीट ' और किसानों के मुद्दे पर बहस करने की मांग करती है।

उसे किसानों से क्या लेना ? नीट से क्या लेना ? अरे जब देश की सबसे बड़ी अदालतें तक नीट के मामले में सरकार के साथ हैं,किसानों को दिल्ली में प्रवेश न करने देने के मामले में सरकार के साथ हैं ,तो विपक्ष को साथ देने में क्या ऐतराज है ? देश ये राज जानना चाहता है। क्या सरकार को परेशान करने के पीछे कोई विदेशी हाथ तो नहीं ? क्योंकि जिन देशी हाथों को सरकार के लिए परेशानी खड़ी करना चाहिए थी वे तो बैशाखी बनकर उसकी मदद कर रहे हैं। साम्प्रदायिकता के मुखर विरोधी जेडीयू और टीडीपी की भूमिका बदली हुई है।

देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी के नेतृत्व में भाजपा,जेडीयू और टीडीपी की सरकार बने कोई दो महीना होने को है। इन दो महीने में प्रधानमंत्री जी कम से कम तीन विदेश यात्राएं कर आये। उनकी सरकार ने देश के लिए सातवीं मर्तबा सीतारामी बजट संसद में पेश कर दिया। प्रधान जी ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस के कहने के बावजूद मणिपुर को लेकर अपना नजरिया नहीं बदला । अहंकार नहीं त्यागा। बदले में संघ की इमदाद के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को संघ की शाखाओं में जाने पर लगी 58 साल पुरानी रोक जरूर लगा दी अब आप ही बताइये की 48 दिन पुरानी सरकार देश के लिए ,देश की जनता के लिए और क्या कर सकती है ? जो काम आपातकाल के बाद बनी सरकार नहीं कर पायी ,महामना अटल बिहारी बाजपेयी तीन बार प्रधानमंत्री बनकर नहीं कर पाए ,वो काम माननीय मोदी जी ने करके दिखा दिया।

देश के अड़ियल विपक्ष को देश की जनता देख रही हो या न देख रही हो किन्तु ऊपर वाला जरूर देख रहा है । एक धर्मभीरु सरकार को इस तरह परेशान करना बिलकुल अच्छी बात नहीं है । सरकार ने अपने नए बजट में जनता के लिए ही नहीं ऊपर वालों के लिए भी पर्याप्त बजट प्रावधान किये है। देश में स्कूलों ,अस्पतालों ,सड़कों ,पुलों की कमी भले बनी रहे किन्तु तीन नए धार्मिक कॉरिडोर जरूर बनाये जाने के लिए बजट प्रावधान किया गया है। सरकार इस बार अयोध्या हारी ,बद्रीनाथ हारी लेकिन उसने भगवान के बजट में कोई कटौती नहीं की । विपक्ष को भी ऐसी ही दरियादिली का मुजाहिरा करना चाहिए। विपक्ष को कम से कम इतना तो ध्यान रखना चाहिए कि सास को भी काम करने के लिए सौ [100 ] दिन दिए जाते हैं ,फिर सरकार के तो अभी 48 दिन ही हुए हैं।

# पत्थर निकालने दौरान मलबा धंसने से आपरेटर की मौत

## अवैध ब्लास्टिंग ने फिर ली मजदूर युवक की जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के गोंडा गांव के मजरा वजनीपुरवा के भौंरा पहाड में अवैध ब्लास्टिंग से पत्थरों को तोडने के बाद जेसीबी मशीन से ट्रकों में भरने के दौरान अचानक ऊपर से पहाड धंसने से सैकडों टन मलबा गिरने से पोकलैंड चालक व डम्फर मलबे में दब गये। डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कराये। कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गये हैं।

ये हादसा रविवार को तडके पांच बजे हुआ। बताया गया कि भरतकूप थाना क्षेत्र में भौंरा खदान में अवैध ब्लास्टिंग से पत्थरों को तोडने का कार्य हो रहा था। इसी बीच ऊपर से लटके पहाड का मलबा अचानक ढह गया। मलबा ढहने से डम्फर व पोकलैंड चालक राकेश (25) पुत्र लालाराम निषाद तेरा ब थाना अतर्रा मलबे में दब गये। सूचना मिलते ही डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू करा दिये। पूरा प्रशासनिक अमला मलबे में दबे आपरेटर को निकालने में जुटा है।

भौंरा पहाड खदान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी उर्फ बब्बू त्रिपाठी की बताई गई है। खदान के ठेकेदार अवधेश त्रिपाठी डम्फर में जेसीबी से पत्थर लोड करा रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ। हादसा होते ही खदान में हडकम्प मच गया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह मौके पर पहुंचे। तीन पोकलैंड मशीन लगाकर मलबा हटवाया। मलबे के नीचे एक डम्फर व पोकलैंड दबी है। आपरेटर को निकालने को आपरेशन जारी है। एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया है। सैकडों टन मलबे के नीचे दबे आपरेटर को अभी तक निकाला नहीं जा सका। कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि हादसे की बारीकी से जांच कर दोषी लोगों पर कार्यवाही की जायेगी।


घटना स्थल पर डीएम-एसपी।

### अब क्यों खामोश हैं पूर्व सांसद?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तकरीबन हर हादसे पर धरना-प्रदर्शन व आन्दोलन करने वाले भाजपा पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र इस हादसे पर खामोशी धारण किये हैं। इसे लेकर लोगों ने सवाल उठाये हैं। लोगों ने कहा कि अब पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा हादसे को लेकर सवाल क्यों नहीं उठा रहे। हादसे वाली खदान पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के भांजे/प्रदेश कार्य समिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी उर्फ बब्बू त्रिपाठी व अवधेश त्रिपाठी की है। ऐसे में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा की चुप्पी लोगों को साल रही है। लोगों ने कहा कि बात-बात पर धरना-प्रदर्शन व आन्दोलन करने वाले पूर्व सांसद के अपनों पर जब बात आई तो वे खामोश हो गये।

# शिक्षक के घर से चोरों ने दिनदहाडे की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हास्य कवि/बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिवपूजन यादव सुमन के अवधपुरम कालोनी किलाबाग सीतापुर में शनिवार को रात साढे 11 बजे चोरी हो गई। पत्नी स्कूल बस से आ रहे बच्चे को लेने सडक तक गई थी।

चोरी की ये घटना शनिवार को पूर्वान्ह साढे 11 बजे हुई। बताया गया कि घात लगाये बैठे चोरों ने घर का ताला तोड़कर अन्दर घुस गये। अन्दर अलमारी तोड़कर 43 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर तथा रुपये आदि चुरा ले गये। 15 मिनट में लौटकर आई पत्नी ने घर का नजारा देखा तो चींख-पुकार मच गई। चोर सीढ़ी के रास्ते से कूदकर भाग गये। इस बाबत सीतापुर चौकी में सूचना देने के बाद संदिग्धों को पुलिस ने पकडकर दो दिन बाद छोड दिया। सूत्रों की मानें तो संदिग्ध चोर ने चोरी कबूल कर ली थी। पुलिस ने बिना कानूनी कार्रवाई के चोर को छोड़ है। पीड़ित शिवपूजन यादव ने आरोप लगाया कि अपराधी को

# सीआईसी के अध्यक्ष बने भैरों प्रसाद मिश्रा, प्रबंधक बने भोलानाथ गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव पर्यवेक्षक राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी की मौजूदगी में हुए।

चुनाव अधिकारी राजकीय हाईस्कूल रौली कल्याणपुर के प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि भोलानाथ गुप्ता आम सहमति पर पुनः प्रबंधक बनाये गये हैं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष/पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा बनाये गये हैं। उप प्रबंधक केदारनाथ गुप्ता चुने गये, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती माधुरी देवी गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रहरि चुनी गई हैं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सात लोगों को प्रबंध समिति महेश प्रसाद पाण्डेय, श्रीमती शुक्ला दास, मिथिला देवी, विभाग पाण्डेय, सुशीला देवी गुप्ता, गोमती देवी, उर्मिला देवी श्रीवास्तव शामिल हैं। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, वरिष्ठ लिपिक अजय शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


सीआईसी का चुनाव कराते चुनाव अधिकारी।

### 22 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण/बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में चौकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह ने मनोज सिंह पटेल पुत्र चुन्ना सिंह तौरा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चौकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह, दीवान वीरेन्द्र कुमार व सिपाही प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# सदगुरु पब्लिक स्कूल में स्टूडेन्ट काउंसिल गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की प्रेरणा से संचालित सदगुरु शिक्षा समिति से संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त सदगुरु पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का स्टूडेंस काउंसिल का गठन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि ट्रस्टी/निदेशक डॉ बीके जैन व शिक्षा समिति अध्यक्ष ऊषा जैन ने समारोह का शुभारंभ दीप जलाकर व गुरुपूजन से किया।

रविवार को छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया। प्राचार्य राकेश तिवारी ने स्वागत भाषण में अभिनंदन किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों को व्योम, वरुण, वसुंधरा और वायु हाउस चार सदनों में प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चरल कैप्टन व वाइस कैप्टन पद बांटे गये। काउंसिल में जिन छात्रों को पदभार मिला, उनमें समीर सिंह हेड ब्वाय, आकांक्षा शुक्ला हेड गर्ल, ज्ञानेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वाय, अनन्या जायसवाल स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल, संस्कृति सिंह कल्चरल सेक्रेटरी, ऋचा द्विवेदी डिसिप्लिन सेक्रेटरी, अथर्व शुक्ला वरुण हाउस कैप्टन, प्राची सिंह वरुण हाउस प्रिफेक्ट, अंशुमान पयासी वसुन्धरा हाउस कैप्टन, आरिफ अली वसुंधरा हाउस प्रिफेक्ट, राशि जायसवाल वायु हाउस कैप्टन, अन्नपूर्णिमा वायु हाउस प्रिफेक्ट, देवेन्द्र प्रताप व्योम हाउस हाउस कैप्टन, आशुतोष तिवारी व्योम हाउस प्रिफेक्ट बनाये गये। मुख्य अतिथि डॉ बीके जैन ने सभी को बैच पहनाकर हाउस फ्लैग सौंपकर शपथ दिलवाई। श्रीमती ऊषा जैन ने कहा कि अधिकार व पद के साथ दायित्व निर्वहन करना होता है। ये सभी पद छात्रों के अन्दर छिपी प्रतिभा व नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। गुरुदेव का सूत्र है कि सेवा धर्म परायण बने। अपने जीवन का सूत्र सेवा व परोपकार बनायें। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान, सुमन द्विवेदी, प्राचार्य राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, उपप्राचार्या अंजली भटनागर, सीमा चैधरी समेत छात्र-छात्रायें, अभिभावक, शिक्षक मौजूद रहे।


छात्रों को बैज लगाते ट्रस्टी।

### बिना फिटनेस के वाहन सीज

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र में बिना फिटनेस के वाहनों का जांच अभियान चला। कई वाहनों को मानिकपुर थाने में खड़ाकर सीज की कार्यवाही हुई।

रविवार को एसडीएम पंकज कुमार वर्मा की अगुवाई में शनिवार की शाम प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह व पुलिस बल ने बस स्टैंड में वाहनों के कागजों की जांच की। जांच में जिन वाहनों की फिटनेस नहीं मिली, उन्हें सीज किया। एसडीएम ने बताया कि स्कूलों में बच्चों को लेकर आने-जाने वाले वाहनों पर खासतौर से जांच की जायेगी। जिन वाहनों की फिटनेस नहीं होगी, उन्हें सीज किया जायेगा।

# 'कोशिश करने वालों की नहीं होती हार'

## सुषमा स्वरूप स्कूल में हुआ अजय एवार्ड समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में 2023-24 के अजय एवार्ड समारोह छात्राओं के स्वागत गीत-नृत्य व अतिथियों को बुके भेंटकर हुआ।

रविवार को विद्यालय की चेयर पर्सन श्रीमती रचना अग्रवाल ने विद्यालय की उपलब्धियों पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट मुकाम हासिल कर रहे हैं। शिक्षा हो या खेल सभी क्षेत्रों में झंडे गाड रहे हैं। अजय एवार्ड के विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को प्रोत्साहित किया। भविष्य में और बेहतर प्रयास करने का आवाहन किया। कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। विद्यालय संस्थापक अजय अग्रवाल ने विद्यालय स्थापना के बारे में बताया कि जिले के पिछडेपन को देखते हुए स्थानीय छात्रों की शिक्षा समस्या को हल करने को सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना 2014 में की है। विद्यालय के पुरानी सोंच को आधुनिक दृष्टिकोण में बदलने की दिशा में किये प्रयासों को साझा किया। अजय एवार्ड वितरण बाद विवेक अग्रवाल व विद्यालय के अन्य संस्थापक ने विद्यालय का परिचय देते हुए बताया कि ये विद्यालय माता-पिता के नाम पर है। पहले की शिक्षा समस्या का उल्लेख कर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने अतिथियों का आभार जताया। एवार्ड पाने वाले विद्यार्थियों को मेहनत करने की प्रेरणा दी।

बतौर मुख्य अतिथि/जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने विद्यार्थियों को पुरस्कार पाने पर बधाई दी। उन्होंने अजय एवार्ड के महत्व को स्पष्ट किया। कहा कि कार्यक्रम से बच्चों व अभिभावक की हौसला आफजायी के साथ प्रेरणा मिलती है। लगातार प्रयास से विद्यार्थियों को आईएएस जैसे उच्च पदों पर जाने का मौका मिलता है। अंत में अतिथियों का आभार जताते हुए शाल भेंट किये। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती नीतू वर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रो श्रीमती वन्दना पाठक, ग्रामोदय के प्रो वैभव वर्मा, छात्र-छात्रायें आदि मौजूद रहे। संचालन स्कूल कोआर्डिनेटर केशव शिवहरे व शिक्षक हरीश त्रिपाठी ने किया।


समारोह में मौजूद छात्र-छात्रायें व अतिथि।

# घर में घुसकर चोरी समेत तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा गौरव तिवारी ने विद्युत अधिनियम के वारंटी कुश कुमार करवरिया उर्फ छोटकू पुत्र कौशल दुर्गाकुंज तरौहा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा गौरव तिवारी, सिपाही राजीव सिंह शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में जारी अभियान में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी रामसेवक पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ चुनकौना दरसेडा व वारंटी कमल बहादुर उर्फ कल्लू पुत्र चतुर सिंह भदेहदू को घर में घुसकर चोरी व एससी-एसटी एक्ट में गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दीवान ब्रजेंद्र कुमार, दीवान मुस्तकीम व सिपाही नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

# बजट विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का है संकल्प पत्रः डॉ अनिल यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने बजट पर जिला स्तरीय गोष्ठी में सभी बूथों से जनसुझाव मांगकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग बूथों में हिस्सा लिया।

रविवार को डाक बंगले में हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अनिल यादव ने कहा कि बजट 2024-25 विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है। ये बजट भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास को नवीन आयाम देने वाला है। ये बजट युवाओं के कौशल विकास समेत रोजगार सृजन पर केंद्रित है। ये बजट भारत के कोटि-कोटिजनों के सपनो को पूरा करने वाला बजट है। ये बजट भारत को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का दृष्टिपत्र है। सभी कार्यकर्ताओं को जनसंवाद कर बजट के सभी विषयों को जन-जन तक ले जाना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बजट बाबत चर्चा करे। अपने नेतृत्व के संघर्षों से प्रेरित होकर सांगठनिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बजट में भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि ये बजट विद्या, वित्त व विकास की मजबूत आधारशिला है। बजट सबका साथ -सबका विकास के मूलमंत्र पर सबका विश्वास पर आधारित है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बजट एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने की साफ नीयत-सही विकास का रोडमैप है। गोष्ठी में लोकतंत्र सेनानी राम प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुन्ना करवरिया, महेन्द्र कोटार्य, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पाण्डेय, रामबाबू गुप्ता, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, अनूप त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, निर्मलेन्द्र, नरेंद्र गुप्ता, अरविन्द रलिहा, सुशील द्विवेदी, हेमन्त सिह, सतोष मिश्रा, पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, अखिलेश रैकवार, राकेश कोल, लवलेश निषाद, जितेन्द्र शुक्ला, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल, सच्चिदानंद गर्ग, योगेन्द्र सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, शक्ति सिह, शिवाकान्त पाडे, सुखेन्द्र, उज्वल गुप्ता, आराधना, सुरेश अनुरागी, राजाराम पाल आदि मौजूद रहे।


बजट गोष्ठी में बोलते जिला प्रभारी।

# भाजपा के अदने कार्यकर्ताओं की हो रही उपेक्षा

## कैसे बनेगी 2027 में भाजपा सरकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ऐंचवारा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह ये भाजपा के छोटे कार्यकर्ता हैं। इन्हें शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार होना पड रहा है। ऐसे में भाजपा की मजबूती व 2027 में पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का सपना कहीं अधूरा न रह जाये।

रविवार को भाजपा ऐंचवारा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि खम्भों में बिना तार लगाये ग्रामीणों को लम्बे-चैडे विद्युत बिल भेजे जा रहे हैं। ऐसे में किसान मानसिक रूप से खासे परेशान हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत एसडीओ आशीष कुमार ने गढचपा के मजरा जरकापुरवा में किसानों से ट्रांसफार्मर व बिजली लगवाने के नाम पर प्रत्येक घर से पांच हजार रुपये की अवैध वसूली की है। आज तक ट्रांसफार्मर व बिजली नहीं आई। किसान विद्युत विभाग के चक्कर लगाते-लगाते परेशान हो गये हैं।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आकांक्षी जिले में तीन साल से ज्यादा किसी अधिकारी व कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। एसडीओ आशीष सिंह को तीन साल से ज्यादा जिले में हो गये हैं। ये मनमानी ढंग से कार्य करते हैं। इससे भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने विद्युत विभाग के एसडीओ के खिलाफ कई बार पत्र लिखा है। कोई सुनवाई नहीं हो रही। यहां तक कि उनके निजी कार्य भी एसडीओ नहीं कर रहे। ऐसे में भाजपा के छोटे कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही उपेक्षा से 2027 में कैसे भाजपा की सरकार बनेगी।

### तमंचा समेत दहेज हत्या वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने दहेज हत्या व दुष्कर्म मामले में देवीदीन पुत्र कल्लूराम निषाद बेलहा मजरा हर्दीकला को एक तमंचा 12 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, प्रशिक्षु दरोगा दिव्यांश पाण्डेय, दीवान दौलत सिंह व सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

### एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले रामकरन, मकसूदन, अजय, छोटू उर्फ छत्रपाल पुत्र मकसूदन व मकसूदन पुत्र तेजभवन रइयापुरवा मजरा गढीघाट पर मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# बाहरी श्रद्धालुओं को हो स्वच्छता का एहसास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 123वें स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थिति लक्ष्मण पहाड़ी के सामने चलाया। ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधी के सपनों को पूरा करने को सभी लोग स्वच्छता अभियान पर अमल करें।

रविवार को नगर पालिका ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ व साफ रखने की सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण से ही जीवन है। मानव पर्यावरण का विनाश कर रहा है। सही मायने में पर्यावरण ही जीवन है। सबको पर्यावरण बचाने को हर संभव प्रयास करना चाहिए। जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि सभी का लक्ष्य कामतानाथ परिक्रमा की साफ-सफाई होना चाहिए, ताकि बाहरी श्रद्धालुओं को स्वच्छता का एहसास हो। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वन विभाग के रसूल बख्श, राजेश कुमार, विजय कुमार, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।


सफाई करते समिति के लोग।

### नियमानुसार मिली दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण/बिक्री की रोकथाम को विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग क्षेत्र 4 राजापुर की टीम ने सरधुआ थाने के बेलास व जिले की संदिग्ध दुकानों/घरों में छापेमारी की। आबकारी टीम ने क्षेत्र 4 राजापुर की फुटकर आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान दुकानें नियमानुसार चलती मिलीं।

# विदेश संदेश

## क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेशमंत्री एस जयशंकर टोक्यो पहुंचे

**टोक्यो।** क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान के दो दिनों (28-30 जुलाई) के दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे। उनके यहां पहुंचने पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया।
अपने इस दौरे में एस. जयशंकर ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ क्वाड बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री स्तर की बैठक में क्वाड समूह द्वारा की गई पहल और वर्किंग ग्रुप के कामों की समीक्षा की जाएगी। टोक्यो में आज विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। इस साल के अंत में भारत में क्वाड नेताओं की बैठक होनी है। क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक पहले इसी साल जनवरी में होनी थी, लेकिन यह बैठक टल गई।

## राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की होगी जीत, ज्योतिषी ने किया दावा, बाइडेन को लेकर भी की थी भविष्यवाणी



**वॉशिंगटनः** ज्योतिषी एमी ट्रिप ने भविष्यवाणी की है कि डोनाल्ड ट्रंप अपने मजबूत सन साइन के कारण अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बनेंगे. उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि ट्रंप पर हत्या का प्रयास केवल शुरूआत थी और निकट भविष्य में ट्रंप के सामने और भी उन्मादी चीजें आ सकती हैं. इससे पहले एमी ने बाइडेन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की तारीख की भविष्यवाणी की थी।
ज्योतिषी ने ट्रंप को अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बताया. इसके साथ ही एमी ट्रिप इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं. उनकी भविष्यवाणी में दावा किया गया है कि ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति होंगे, हालांकि उनका करियर अप्रत्याशित होगा. न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में ट्रिप ने कहा, "यूरेनस उनके (ट्रंप) मध्य-स्वर्ग पर है, जो दशार्ता है कि उनके करियर और लक्ष्यों में अप्रत्याशितता है।

**पहले भी कर चुकी हैं भविष्यवाणी**

बता दें कि ट्रंप की जीत की भविष्यवाणी करने वाली 40 साल ज्योतिषी द्वारा यह अमेरिकी चुनावों के बारे में की गई एकमात्र भविष्यवाणी नहीं है. इससे पहले उन्होंने 11 अगस्त, 2020 को माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में भविष्यवाणी की थी कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगी।
उन्होंने कमला हैरिस के बारे में अपनी भविष्यवाणी को लेकर कहा कि चंद्रमा-प्लूटो कनेक्शन एक मजबूत महिला का संकेत देता है. वह इस बात पर भी दृढ़ थी कि 59 वर्षीय हैरिस नामांकन जीतेंगी क्योंकि वह वर्तमान में दूसरे शनि की वापसी का आनंद ले रही है.

उन्होंने कहा, "यह एक ऐसा समय है जब आप 30 साल की उम्र में पहली शनि वापसी के बाद से काम कर रहे हैं तो आपको पुरस्कृत किया जाता है ... आमतौर पर एक प्रोफेशनल एडवांसमेंट होता है या आपको अधिकार मिलता है."

**अमेरिका में राजनीतिक अशांति**

ट्रिप ने सोशल वर्क में मास्टर डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने अगस्त को अमेरिका के लिए एक कठिन महीना बताया है और कहा है कि इस महीने में और अधिक राजनीतिक अशांति और हिंसा देखने को मिलेगी. उन्होंने कहा, "अमेरिका अभी भी प्लूटो रिटर्न में है, जो चीजों को प्रकाश में लाने और चीजों को उजागर करता है. पिछली बार जब अमेरिका में प्लूटो रिटर्न हुआ था, वह क्रांतिकारी युद्ध था."

## इजराइल ने कहा ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के रॉकेट हमले में 12 की मौत



**तेल अवीवः** इजराइल के कब्जे वाले मजदल शम्स की ओर रॉकेट दागे जाने से 12 लोगों की मौत हो गई. इजराइल का कहना है कि यह हमला ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने किया. यह जानकारी द जेरूसलम पोस्ट ने दी. शनिवार शाम को एक बड़े ड्रूज शहर, मजदल शम्स के क्षेत्र में हुए सीधे हमले में 12 लोग मारे गए. इनमें 10 से 20 वर्ष की आयु के बच्चे और किशोर शामिल थे। इसके अलावा कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं. इनमें छह गंभीर रूप से घायल हैं जबकि तीन सामान्य रूप से घायल और 10 लोग मामूली रूप से घायल हुए. एमडीए ने एक बयान में कहा कि उन्हें मैगन डेविड एडोम (एमडीए) टीमों और आईडीएफ हेलीकॉप्टरों द्वारा अस्पतालों में ले जाया गया. जेरूसलम पोस्ट के अनुसार एमडीए ने कहा कि मजदल शम्स में सीधे हमले के बाद अस्पतालों को लगभग 100 डोज रक्त प्रदान किए गए।
इसके अलावा एमडीए ने जनता से सप्ताह के दौरान रक्तदान करने को कहा है. बताया जाता है कि रॉकेट एक खेल के मैदान के पास विस्फोट हुआ।
आईडीएफ और खुफिया जानकारी के अनुसार मजदल शम्स की ओर रॉकेट लॉन्च हिजबुल्लाह द्वारा किया गया था. आईडीएफ के विश्लेषण के अनुसार रॉकेट प्रक्षेपण दक्षिणी लेबनान के चेबा गांव के उत्तर में स्थित क्षेत्र से छोड़ा गया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपालः सर्वोच्च अदालत ने भ्रष्टाचार के आरोप में पूर्व मंत्री गोविंद राज जोशी को सुनाई नौ माह जेल की सजा



**काठमांडू।** नेपाल सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द राज जोशी को भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल की सजा हुई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व मंत्री को 9 महीने की जेल की सजा सुनाई है। 12 साल पुराने आय से अधिक संपत्ति के मामले में विशेष अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के विरोध में जोशी ने सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी थी। विशेष अदलत ने 12 वर्ष पहले पूर्व मंत्री जोशी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के एक मामले में 18 महीने की सजा और 4.32 करोड़ रुपये जुमार्ना वसूलने का आदेश दिया था। विशेष अदालत के इस फैसले को जोशी ने सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी थी।
सर्वोच्च अदालत में पिछले 12 वर्षों से यह मामला लम्बित था। बार-बार पेशी पर चढ़ाए जाने के बावजूद विभिन्न कारणों से उसपर सुनवाई नहीं हो पा रही थी। आज सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीश विनोद शर्मा और बालकृष्ण ढकाल की बेंच ने जोशी को आय से अधिक मामले में दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान किया है। हालांकि विशेष अदालत द्वारा दिए गए 18 महीने की सजा को कम करते हुए 9 महीने कर दिया गया है। इसी तरह विशेष अदालत द्वारा लगाए गए जुमार्ने को भी 4.32 करोड़ से घटाते हुए सिर्फ 70 लाख रुपये कर दिया है।
नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता रहे जोशी कई बार सरकार में मंत्री रहे। पिछले चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने के बाद जोशी ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार रामचन्द्र पौडेल के खिलाफ बागी उम्मीदवारी दी थी। चुनाव के दौरान ही जोशी को कांग्रेस पार्टी ने कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। हालांकि बाद में उस क्षेत्र से निर्वाचित सांसद पौडेल राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए और इस समय देश के राष्ट्रपति हैं।

## इजराइली इलाके में किए गए मिसाइल हमले में 11 नौजवानों की मौत, हिज्बुल्लाह पर शक, इजराइल की चेतावनी- भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

**तेल अवीव।** इजराइल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स पर किए गए मिसाइल हमले में 11 युवाओं की मौत हो गई। हमला एक फुटबॉल मैदान पर किया गया, जहां ये नौजवान फुटबॉल खेलते समय इसकी चपेट में आ गए। यह हमला हिज्बुल्लाह की तरफ से किये जाने का आरोप है। इस खबर के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी अमेरिका यात्रा अधूरी छोड़ कर वापस लौट रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि हमलावर को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।
गोलान हाइट्स पर शनिवार शाम एक फुटबॉल मैदान पर हुए मिसाइल हमले में 11 युवाओं की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। इजराइल का दावा है कि हमले के पीछे हिज्बुल्लाह का हाथ है।
हिज्बुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी से इनकार किया है। खास बात यह है कि यह हमला दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में हिज्बुल्लाह समूह के तीन सदस्यों के मारे जाने के कुछ घंटों के बाद हुआ है।
इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं लेकिन गोलन हाइट्स पर हुए हमले के बाद दौरा बीच में छोड़ कर वापस लौट रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 'इजराइल इस हमले पर चुप नहीं बैठेगा। हिज्बुल्लाह को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी और वह कीमत ऐसी होगी, जो हिज्बुल्लाह ने कभी नहीं चुकाई होगी।'
इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि 'यह हमला हिज्बुल्लाह का असली चेहरा दिखाता है, जो आतंकी संगठन है। उसने शनिवार शाम को फुटबॉल खेल रहे बच्चों को निशाना बनाया और उनकी हत्या की।'
हमले के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह में सीधी जंग छिड़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले साल अक्टूबर में इसराइल-गजा युद्ध छिड़ने के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच लगातार गोलीबारी हो रही है।

## त्रिशुली बस दुर्घटना- 17 दिनों के बाद भी दोनों बस और 38 यात्रियों का नहीं मिला कोई सुराग

**काठमांडू।** नेपाल में दो बसों के नदी में गिरने के 17 दिन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पिछले एक हफ्ते से उस बस में सवार किसी भी यात्री का शव भी बरामद नहीं हो पाया है। इसी बीच बस को ढूंढने के लिए प्रयोग में लाई जा रही 20 किलोग्राम की चुंबक भी नदी में ही खो गयी। इन सबको देखते हुए प्रशासन ने रविवार से खोजी काम को बंद करने का फैसला किया है। साथ ही रेस्क्यू के लिए भारत से बुलाई गई एनडीआरएफ की टीम भी आज वापस लौट गई ।
उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई की सुबह काठमांडू से गौं जा रही यात्री बस और बीरगंज से काठमांडू के तरफ आ रहे एक दूसरे यात्री बस के एक ही स्थान पर भूस्खलन की चपेट में आने के कारण चितवन जिले के सिमलताल के पास त्रिशुली नदी में गिर गईं । दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। नदी में गिरने से पहले बस के केबिन में बैठे तीन यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचा ली। बाकी 62 यात्री और दोनों बस नदी की तेज बहाव में गिर गया।
दुर्घटना होने के 17 दिन के बाद भी दोनों में से एक भी बस का कोई सुराग नहीं मिल पाया। बस को



ढूंढने के लिए भारत सरकार से अनुरोध कर एनडीआरएफ की रेस्क्यू एवं टेक्नीकल टीम भी मंगवाई गई। पिछले एक हफ्ते से लगातार नेपाल और भारत की टीमों के सघन खोजी के बाद भी बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल के डीआईजी पुरूषोत्तम थापा ने बताया कि नदी में लापता बसों को ढूंढने के लिए सभी अत्याधुनिक उपायों का प्रयोग किया गया लेकिन अब तक बस का कोई हिस्सा भी बरामद नहीं हो पाया।
डीआइजी थापा के मुताबिक बस को ढूंढने कै लिए वाटर ड्रोन, सोनार कैमरा, लेसर लाईट, भारी वजन के चुम्बक और गोताखोर का प्रयोग किया गया, लेकिन दुर्घटना के 17 दिन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। डीआईजी थापा ने यह भी बताया कि सिर्फ दुर्घटनास्थल के आसपास ही नहीं बल्कि करीब 150 किमी दूर भारतीय सीमा तक खोजी अभियान चलाया गया था। इसी बीच बस को ढूंढने के लिए जिस 20 किलो वजन के चुम्बक का प्रयोग किया जा रहा था, शनिवार को वो भी नदी में ही खो गया।
इसी बीच पिछले एक सप्ताह से एक भी शव बरामद नहीं हो पाया है। पिछले हफ्ते तक 65 में से 24 शव ही बरामद किए गए थे। लेकिन एक हफ्ते से एक भी शव के ना मिलने से आज से रेस्क्यू के काम को रोकने का फैसला किया गया है। चितवन जिले के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने कहा कि भारत से बुलाई गई रेस्क्यू और टेक्नीकल टीम एक हफ्ते के लिए यहां आई थी लेकिन ना तो बस और ना ही किसी यात्री के बारे में कोई सुराग मिल पाया इसलिए आज से रेस्क्यू के काम को बन्द करने का फैसला लिया गया है। आज सुबह ही भारत से आई एनडीआरएफ के टीम को विदा किए जाने की जानकारी भी प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने दी है।

## केंद्रीय बजट 2024-25 में हर राज्य का रखा गया है ध्यान : सीतारमण

बेंगलुरु/नई दिल्ली, 28 जुलाई (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 में हर राज्य का ध्यान रखा गया है जबकि कुछ राज्यों की अनदेखी करने की गलत सूचना फैलाई जा रही है। उन्होंने बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने केंद्रीय बजट आवंटन संबंधी गलत सूचनाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी राज्य की अनदेखी नहीं की गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि हमने केंद्रीय बजट 2024-25 में बहुत स्पष्ट रूप से युवाओं, एमएसएमई, कृषि अनुसंधान और विकास तथा कई अन्य श्रेणियों पर जोर दिया है। केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए वित्त मंत्री ने बजट में कर्नाटक के लिए राजस्व हिस्सेदारी और आवंटन को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में सरकार सहित कई लोगों के बीच यह गलत सूचना है कि केंद्र सरकार अपना बकाया नहीं देती है। सीतारमण ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार गलत प्रचार कर रही है।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-2014 के दौरान यूपीए सरकार के दौरान कर्नाटक को दिया गया कर का हिस्सा 81.71 करोड़ रुपये था, जबकि एनडीए सरकार के तहत ये राशि 2,95,818 करोड़ रुपये है। वहीं, यूपीए सरकार के पिछले 10 साल के शासन में अनुदान सहायता की राशि 60,779 करोड़ रुपये थी। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन काल में यह 2,36,955 करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कर्नाटक के एक दिवसयी दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु में भाजपा के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों से बातचीत की। इसके अलावा सीतारमण ने यहां उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी कई मुद्दों पर बातचीत की।

## चीन में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 11 लोगों की मौत



**बीजिंगः** मध्य चीन के हुनान में रविवार को उष्णकटिबंधीय तूफान से हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक घर क्षतिग्रस्त हो गया. इसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. प्रांतीय आपातकालीन कमान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन सुबह करीब 8 बजे हेंगयांग शहर के यूलिन गांव में हुआ.
भूस्खलन से एक रिहायशी घर का एक हिस्सा बह गया. इसमें अठारह लोग दब गए. बचावकर्मियों ने 11 शव और छह घायलों को बरामद किया है. बताया जा रहा है कि पहाड़ पर अचानक हुई भारी बारिश के बाद तेज बहाव से भूस्खलन हुआ. एक व्यक्ति अभी भी लापता है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार 240 से अधिक बचावकर्मी भेजे गए और राहत बचाव अभियान चलाया गया।
चीन ने गर्मियों में मौसम की चरम स्थितियों का सामना किया है, जिसमें उत्तर और दक्षिण-पश्चिम में अचानक बाढ़ आ गई. पिछले सप्ताह एक उष्णकटिबंधीय तूफान ने पूरे देश में पानी-पानी कर दिया. गेमी से आने वाली चक्रवाती हवा जिन्हें टाइफून से कमतर आंका गया था, 28 जुलाई तक लगभग समाप्त हो गई लेकिन चीन के कई हिस्से पहले की बारिश के कारण बाढ़ के जोखिम के लिए अलर्ट पर थे।
बता दें कि इस साल की शुरूआत में दक्षिण पश्चिमी चीन के पर्वतीय युन्नान प्रांत में भूस्खलन हुआ था जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी. यह आपदा झाओतोंग शहर के लियांगशुई गांव में आया. भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में से 500 लोगों को निकाला गया।

## विदेश मंत्री जयशंकर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए टोक्यो पहुंचे




**टोक्योः** विदेश मंत्री एस जयशंकर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जापान पहुंचे. जापान और मार्शल द्वीप गणराज्य में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया. जापान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर जापान पहुंचे।
विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि चारों देशों के विदेश मंत्री क्वाड एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे और अब तक हासिल की गई उपलब्धियों का जायजा लेंगे. जायसवाल ने कहा, 'विदेश मंत्री क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जापान का दौरा करेंगे. क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक 29 जुलाई को है।
बैठक में नेता उसी बात को आगे बढ़ाएंगे जिस पर नेताओं, प्रधानमंत्री, देश के राष्ट्रपतियों ने पिछली बार हिरोशिमा में बैठक के दौरान सहमति जताई थी, और उसके बाद न्यूयॉर्क में भी बैठक हुई थी. इसलिए यह एक अच्छा अवसर है. यह उनके लिए क्वाड एजेंडे को आगे बढ़ाने और अब तक हासिल की गई सभी उपलब्धियों का जायजा लेने का एक मूल्यवान अवसर है।
ऑस्ट्रेलिया के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के अनुसार क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है जो एक खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है. यह समावेशी और लचीला भी है.

## ताइवान ने अपने क्षेत्र के निकट 4 चीनी विमानों का पता लगाया

**ताइपेः** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने ताइवान जलडमरूमध्य के पास चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधियों में वृद्धि की सूचना दी है. शनिवार सुबह तक पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के चार जहाज और एक आधिकारिक जहाज का पता चला है. दिए गए समय-सीमा में कोई भी पीएलए विमान नहीं देखा गया. एक्स पर एक पोस्ट में, ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के आसपास संचालित 4 पीएलए जहाजों का आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक पता चला. हमने स्थिति की निगरानी की है और तदनुसार प्रतिक्रिया दी है. आज के उड़ान पथ का चित्रण प्रदान नहीं किया गया है क्योंकि इस समय-सीमा के दौरान ताइवान के आसपास कोई भी पीएलए विमान संचालन नहीं देखा गया.
मंत्रालय ने घटना में शामिल विमानों के प्रकार के बारे में नहीं बताया, लेकिन आश्वासन दिया कि स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. ताइवान के अऊके में ढछअ सैन्य विमानों और जहाजों की ओर से घुसपैठ असामान्य नहीं है. चीन की इस गतिविधि ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है।
ताइवान को मुख्य भूमि चीन से अलग करने वाला ताइवान जलडमरूमध्य अक्सर विवाद का क्षेत्र रहा है, बीजिंग ताइवान को एक अलग प्रांत के रूप में देखता है और द्वीप पर संप्रभुता का दावा करता है. यह ताजा घटना क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के बीच हुई है और चीनी सैन्य गतिविधियों के खिलाफ अपने हवाई क्षेत्र और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में ताइवान की निरंतर सतर्कता को रेखांकित करती है. तनाव जारी रहने के कारण, ताइवान का राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय क्षेत्र में किसी भी और तनाव का जवाब देने के लिए तैयार है।
बढ़ते खतरे के बीच, ताइवान ने सोमवार से अपनी युद्ध-लड़ाई क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए सैन्य अभ्यास शुरू किया. ताइवान जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच, चीन ने अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है और क्षेत्र में लगातार अभ्यास किए हैं।
इस युद्धाभ्यास को ताइवान के खिलाफ बीजिंग के चल रहे दबाव अभियान के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है, जिसे चीन एक विद्रोही प्रांत मानता है. इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ताइवान के लिए देश के समर्थन की आवाज उठाई है।